mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-285 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
15 अक्टूबर 2024 मंगलवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



बेटी सारा के ...
@ पेज 5

## संक्षिप्त समाचार

### हिजबुल्लाह का इजराइली मिलिट्री बेस पर ड्रोन अटैक

**4 सैनिकों की मौत**

**तेल अवीव (एजेंसी)।** हिजबुल्लाह ने इजराइल के हाइफा इलाके में गोलानी मिलिट्री बेस पर



हमला किया। इजराइल डिफेंस फोर्स के मुताबिक इस हमले में 4 सैनिकों की मौत हो गई और कम से कम 58 सैनिक घायल हुए हैं। इनमें 7 गंभीर रूप से घायल हैं।

### कौशांबी में बाइक सवार चार लोग नहर में गिरे, तीन की मौत; एक गंभीर घायल

**लखनऊ (एजेंसी)।** कौशांबी में तेज रफ्तार बाइक सवार चार लोग नहर में जा गिरे। हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक गंभीर रूप से घायल है। जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मामला मंझनपुर थाना क्षेत्र में बाजापुर गांव के पास की है। टेवा टिकरी निवासी गुड्डू, लल्लू, सुखरानी और अंजली एक ही बाइक पर सवार होकर मेला देखने के लिए गए थे।

### अमेरिका और ब्रिटेन के 3 अर्थशास्त्रियों को इकोनॉमिक्स का नोबेल

**लंदन (एजेंसी)।** अमेरिका और ब्रिटेन के 3 वैज्ञानिकों को इकोनॉमिक्स का नोबेल प्राइज दिया गया है। विजेताओं में तुर्किश मूल के




अमेरिकी डेरन एसेमोग्लू, ब्रिटिश मूल के अमेरिकी साइमन जॉनसन और ब्रिटेन के जेम्स ए रॉबिनसन शामिल हैं। इन्हें अलग-अलग राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं के बनने और उसके समाज की तरक्की पर पड़ने वाले असर पर रिसर्च के लिए ये सम्मान मिला है। तीनों अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि कैसे गरीब देश सालों की तरक्की के बावजूद अमीर देशों की तरह विकसित नहीं हो पाए हैं।

### 3 फ्लाइट-एक ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी

**एअर इंडिया की उड़ान दिल्ली डायवर्ट**

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई से उड़ने वाली तीन फ्लाइट में सोमवार (14 अक्टूबर) को बम की धमकी दी गई। पहली फ्लाइट मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की है। सूचना मिलते ही विमान को



दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। विमान फिलहाल दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़ा है। विमान में 239 पैसेंजर्स सवार हैं। दूसरी फ्लाइट इंडिगो की 6ई-1275 है, यह मुंबई से मस्कट जाने वाली थी। तीसरी फ्लाइट इंडिगो की 6ई 56 है।

## मणिपुर हिंसा के बाद कुकी-मैतेई पहली बार बैठक करेंगे

- दोनों समुदाय के नेता-विधायक आज दिल्ली में मिलेंगे; शांति का समाधान निकालेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले एक साल से मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के बीच 15 अक्टूबर को कुकी और मैतेई समुदाय पहली बार बातचीत करने जा रहे हैं। गृह मंत्रालय की तरफ से नई दिल्ली में होने वाली बैठक में दोनों समुदाय के नेता और विधायक शामिल होंगे ताकि शांति से



हिंसा का समाधान निकाला जा सके। बैठक में मैतेई समुदाय के नेता थोंगम बिस्वजीत, स्पीकर थोकचोम सत्यब्रत, थोउनाओजम बसंतकुमार, खोंगबंतबाम इबोमचा, डॉ. सपाम रंजन, थोकचोम राधे-श्याम और टोंगब्रम रॉबिन्द्रो शामिल होंगे। वहीं कुकी समुदाय के नेताओं में लेटपाओ हाओकिप, पाओलिएनलाल हाओकिप, हाओखोलेट किपगेन रहेंगे। इस चर्चा में नागा विधायकों और मंत्रियों में अवांगबो न्यूमई, एल. दिखो और राम मुइवा भी मौजूद रहेंगे।

## देश के 5 राज्यों में धार्मिक विवाद

- बहराइच में दूसरे दिन हिंसा, इंटरनेट बंद, भीड़ ने अस्पताल-गाड़ियों के शोरूम जलाए
- दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में फायरिंग हुई, एक युवक मारा गया
- हैदराबाद में मंदिर में तोड़फोड़, बंगाल में दुर्गा मूर्ति जलाई, कर्नाटक में दो समूहों के बीच झड़प
- माहौल बिगाड़ने वालों पर सीएम योगी सख्त, 25 गिरफ्तार, एसएचओ और चौकी प्रभारी सस्पेंड



**हैदराबाद/हावड़ा/बहराइच/बेलगावी (एजेंसी)।** देश के 5 राज्यों तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, यूपी और झारखंड में धार्मिक विवाद हुआ है। तेलंगाना में हैदराबाद के मुथ्यलम्मा मंदिर में सोमवार सुबह देवी मां की मूर्ति तोड़ दी गई। यहां सुबह विरोध प्रदर्शन हुए। बीजेपी नेता माधवी लता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी भी मंदिर पहुंचे।

उत्तर प्रदेश के बहराइच में हालात बेकाबू हो गए हैं। हजारों की भीड़ ने अस्पताल में आग लगा दी। कई शोरूम-दुकानों को फूंक दिया। भीड़ को देखकर पुलिस को पीछे हटना पड़ा। आसपास के 6 जिलों से फोर्स और पीएसी बुलाई गई है। हिंसा प्रभावित इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

लखनऊ से एसटीएफ चीफ और एडीजी लॉ एंड ऑर्डर भी बहराइच पहुंच गए हैं। उन्होंने आगजनी कर रही भीड़ को पहले रोका, नहीं मानी तो हाथ में पिस्टल लेकर दौड़ा लिया। रविवार को हरदी इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर दूसरे समुदाय के साथ विवाद हो गया था। इस दौरान हिंसा भड़क गई।

### हैदराबाद में दो दिन में दूसरी घटना

**12 अक्टूबर को दुर्गा पंडाल में भी तोड़फोड़**

हैदराबाद में मंदिर-पंडालों में तोड़फोड़ की यह दो दिन में दूसरी घटना है। इससे पहले 12 अक्टूबर को नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में एक पूजा पंडाल में देवी दुर्गा की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया गया था। पुलिस ले एक आरोपी को पकड़ा था।

सेंट्रल जोन के डीसीपी अक्षेश यादव ने बताया था कि वह व्यक्ति आवारा था और उसे भूख लग रही थी और भोजन की तलाश में उसने प्रसाद को हिला दिया जिससे मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, भाजपा नेताओं ने इसे साजिश बताया था।

## मेरठ-लखनऊ वंदेभारत के ब्रेकफास्ट में निकले कीड़े

- यात्री बोला- 4 में से 3 पैकेट में कीड़े मिले

**मेरठ (एजेंसी)।** मेरठ से लखनऊ जा रही वंदेभारत ट्रेन का एक वीडियो सामने आया है। ट्रेन में सोमवार को यात्रियों को जो नाश्ता परोसा गया, उसमें कीड़े निकले हैं। एक यात्री ने खराब नाश्ते का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर रेलवे से शिकायत की है। इस वीडियो को एक्स पर पोस्ट करते हुए देवेंद्र सिंह ने लिखा- वंदेभारत में मेरठ से लखनऊ सफर के दौरान खाने में कीड़े पाए गए हैं। चार पैकिंग में से तीन में कीड़े निकले हैं। देवेंद्र ने आईआरसीटीसी से इसकी शिकायत भी की है। इस पर कई यूजर ने प्रतिक्रिया दी है। लिखा कि इतनी महंगी ट्रेन में सफाई और यात्रियों की सेहत का ख्याल नहीं रखा जा रहा।

### सहारनपुर मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में लगाया गया फॉर्मेलिन का पोछा

**लखनऊ (एजेंसी)।** सहारनपुर में मेडिकल कॉलेज के आईसी वार्ड में एक कर्मचारी ने फिनाइल की जगह फॉर्मेलिन का पोछा लगा दिया। इसके बाद वार्ड में भर्ती मरीज तड़पने लगे। उनका दम घुटने लगा। सांस लेने और आंखों में जलन होने लगी। मरीज खुद ही उठकर बाहर लॉबी में बैठ गए। आनन-फानन में मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया। कॉलेज प्रबंधन ने मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय टीम बनाई है।

## गुजरात से 5 हजार करोड़ की 518 किलो कोकीन जब्त, 5 गिरफ्तार

**12 दिन में इस सिंडिकेट पर 3 छापे, 13,000 करोड़ की ड्रग्स बरामद**



**गांधीनगर/नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात के अंकलेश्वर के अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी के गोडाउन से 518 किलो कोकीन जब्त की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 5000 करोड़ रुपए है। दिल्ली-गुजरात पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में मौके से 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह कोकीन उसी इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़ी है, जिसकी 2 बड़ी खेप दिल्ली से 2 अक्टूबर और 10 अक्टूबर को छापेमारी के दौरान पकड़ाई थीं।

पुलिस ने बताया कि अब तक इस सिंडिकेट की कुल 1289 किलो ड्रग्स जब्त की गई है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 13 हजार करोड़ रुपए है।

इस सिंडिकेट से जुड़े कुल 12 लोग अब तब गिरफ्तार हो चुकी है, जिनमें से 7 को दिल्ली की पिछली 2 रेड के दौरान हिरासत में लिया गया था।

### झारखंड में हैवानियत

### दुर्गा पूजा के दौरान तीन नाबालिग लड़कियों से दरिंदगी, 8 आरोपी गिरफ्तार

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के पलामू और लातेहार जिले में दलित और आदिवासी समुदाय की लड़कियों से गैंगरेप की दो घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में सूचना मिलते ही आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच गोड्डा जिले में भी 14 साल की एक आदिवासी लड़की से दुष्कर्म की खबर है।



पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा का मेला देखकर घर लौट रही दलित और आदिवासी समाज की दो नाबालिग लड़कियों के साथ शुक्रवार की शाम छह लड़कों ने गैंगरेप किया था। पहले इस घटना को दबाने की कोशिश हुई। पीड़िता और उसके परिजनों का आरोप है कि गांव में पंचायत बुलाकर उन्हें पुलिस के पास पहुंचने से रोकने की कोशिश की गई।

## मौत की चाह लिए कुएं में कूदी महिला, 7 दिनों बाद निकली जिंदा

**सांप- बिच्छू और छिपकली के साथ गुजारी रात**

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार के सारण जिले से एक चौंका देने वाली खबर सामने आई है। इस खबर को सुनकर हर कोई चर्चा कर रहा है कि देखिए भगवान की लीला। लोग आश्चर्य कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ऐसा भला कैसे हो सकता है। ये असंभव है। ऐसा बिल्कुल नहीं हो सकता।

जी हां, बिहार के सारण जिले के पानापुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में एक ऐसी घटना हुई है। जिसके बारे में लोग चर्चा कर रहे हैं। हुआ यूं कि सात दिन पहले एक महिला अपनी जान देने के लिए कुएं में कूद गई। उसके बाद सात दिनों बाद वो कुएं से सुरक्षित बाहर निकली है।

जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि महिला अपने घर से एक सप्ताह पहले



लापता थी। इसी दौरान उसने मौत को गले लगाने के लिए एक पुराने कुएं को चुना। जिसमें सांप- बिच्छू और छिपकली के साथ जहरीले जानवर हो सकते हैं। महिला को जिंदा निकलने के बाद उसके परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। सात दिनों तक भूखी रहने के बाद महिला कमजोर हो गई है।

## लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर अब कॉमेडियन

**मुंबई (एजेंसी)।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बारे में छानबीन कर रही मुंबई पुलिस को एक और साजिश का क्लू मिला है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, मुंबई पुलिस को जानकारी मिली है कि बाबा सिद्दीकी के बाद लॉरेंस बिश्नोई एक बड़े कॉमेडियन को निशाना बना सकता है। मुंबई पुलिस ने अभी साफ तौर से लॉरेंस बिश्नोई के टारगेट का नाम नहीं लिया है।

**अभी सिद्दीकी हत्याकांड में 6 लोगों की पहचान हुई-** बता दें कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में अभी तक छह नाम सामने आए हैं। शूटरों की पहचान हरियाणा के कैथल के रहने वाले गुरमेल बलजीत सिंह और यूपी के



बहराइच निवासी धर्मराज राजेश कश्यप (19) और शिव कुमार गौतम उर्फ शिवा के तौर पर हुई है। शिवा अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। इसके अलावा पटियाला पंजाब के जासीन अख्तर का नाम सामने आया है, जिसने तीनों शूटरों को हथियार और अन्य सपोर्ट मुहैया कराया था। पांचवा नाम शिबू लोनकर का है, जिसने फेसबुक पर इस हत्याकांड की कथित तौर से जिम्मेदारी ली। पोस्ट में दावा किया गया कि एनसीपी नेता की हत्या अभिनेता सलमान खान से उनकी निकटता के कारण की गई है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### कानपुर यूनिवर्सिटी की छात्रा से रेप

**आरोपी युवक और उसकी मां पर केस दर्ज**

**कानपुर (एजेंसी)।** कानपुर यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली एक स्टूडेंट ने अपने क्लासमेट पर रेप का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि लड़का उसे शादी का झांसा देकर अपने कमरे में ले जाता था। यहां उसके साथ गलत काम करता था। मामले में तहरीर मिलने के बाद कल्याणपुर थाने में रविवार को एफआईआर दर्ज की गई। छात्रा ने आरोपी स्टूडेंट की मां को भी नामजद किया है। छात्रा का आरोप है कि आरोपी ने कई बार अपनी मां से मिलवाया और मां ने भी दोनों की शादी कराने का वादा किया था। इसी भरोसे में आकर वह अपने क्लासमेट के रूम में गई।

### बहराइच हिंसा... प्रियंका गांधी बोलीं- सरकार तुरंत एक्शन ले

**भाजपा ने बताया राजनीतिक साजिश, अजय राय ने कहा-योगी इस्तीफा देकर मठ में जाएं**

**बहराइच/वाराणसी/मुरादाबाद (एजेंसी)।** बहराइच में आक्रोशित भीड़ ने अस्पताल, शोरूम और दुकानों को आग लगा दी। हिंसा प्रभावित इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। कांग्रेस और सपा ने हिंसा को



लेकर सरकार को घेरा। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने यूपी सरकार से हिंसा जल्द से जल्द रोकने की मांग की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा- योगी को इस्तीफा देकर मठ में चले जाएं। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने घटना को दुखद बताया है। सपा नेता एसटी हसन ने कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही।

**शाहनवाज हुसैन बोले- राजनीतिक रोटी सेंक रहा विपक्ष-** भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा- ये दुखद है कि दुर्गा पूजा विसर्जन पर लगातार पथराव हो रहा है, लेकिन योगी आदित्यनाथ और प्रशासन इसे काबू करने में जुटी है। सपा और कांग्रेस तो हमेशा से ऐसी घटनाओं पर अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने में जुटे रहते हैं, लेकिन देश की जनता बहकने वाली नहीं है।

## मोदी सरकार के इस फैसले के बाद समंदर में नहीं चलेगी चीन की चालबाजी



**2 और स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी बनाने की मंजूरी ...**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अपनी सुरक्षा के लिए हाल ही में एक बड़ा कदम उठाया है। भारत ने दो नई परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण की मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने दो स्वदेशी परमाणु पनडुब्बियों को बनाने की अनुमति दे दी है। ये पनडुब्बियां समुद्र के अंदर छिपकर हमला कर सकती हैं। इससे पता चलता है कि भारत समुद्र में अपने दुश्मनों को रोकने के लिए ज्यादा ध्यान दे रहा है। चीन की आक्रामक रणनीति और भारतीय विमान वाहक पोत को चीनी मिसाइलों से खतरा है, इसको देखते हुए भारत का यह कदम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**समुद्री क्षेत्र में चीन की टेढ़ी नजर-** हिंद महासागर में चीन अपनी ताकत बढ़ा रह है। हर महीने औसतन 7 से 8 चीनी युद्धपोत और 3 से 4 छोटे जहाज हिंद महासागर में घूमते रहते हैं। चीन बड़े युद्धपोतों के लिए भी लंबी दूरी की यात्रा की योजना बना रहा है।

इसका मतलब है कि हिंद महासागर में चीनी जहाजों की संख्या और बढ़ सकती है। चीन के इस कदम को देखते हुए भारत को अपनी सुरक्षा के लिए मजबूत होना जरूरी है।

### अगले साल एक और शक्तिशाली पनडुब्बी

भारतीय नौसेना को अगले साल एक और शक्तिशाली पनडुब्बी मिलने वाली है। यह पनडुब्बी (आईएनएस अरिदमन) दुश्मनों पर परमाणु हमला करने में सक्षम होगी। आईएनएस अरिदमन के आने के बाद भारत के पास ऐसी तीन पनडुब्बियां होंगी जो समुद्र के अंदर से ही परमाणु हमला कर सकेंगी।

## गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के तीसरे संस्करण की शुरुआत

भोपाल। गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के तीसरे संस्करण की शुरुआत होगी। ऑल सीजन टेंट सिटी के साथ पर्यटकों के लिए प्राकृतिक सौन्दर्य, रोमांचक गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का यह बेमिसाल संयोजन होगा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मंदसौर के पास गांधीसागर के बैकवाटर्स किनारे स्थापित फॉरेस्ट रिट्रीट रोमांच, मनोरंजन और सांस्कृतिक अनुभवों का एक अद्भुत संगम है। गांधीसागर बैकवाटर्स अपने आप में अद्भुत दर्शनीय पर्यटन स्थल है, जहाँ एक ही स्थान पर गांधीसागर बाँध जलाशय में वाटर एडवेंचर , हिंगलाजगढ़ क़िले में हेरिटेज ट्रेल, गांधीसागर अभ्यारण्य में वन्यप्राणी सफारी तथा आसपास के ग्रामों में ग्रामीण परिवेश के अलौकिक अनुभव का आनंद लिया जा सकता है। मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा इस अत्याधुनिक टेंट सिटी को ऑफबीट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित और प्रस्तुत किया जा रहा है। ऑल सीजन टेंट सिटी में आरामदायक स्टे देने के साथ यह मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को पारंपरिक कला, आकर्षक प्रस्तुतियों और स्थानीय व्यंजनों के माध्यम से प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर है। यहाँ पर्यटक कई रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। इसमें हॉट एयर बैलूनिंग, पैरामोटरिंग, जेट स्कीइंग, कयाकिंग, मोटर बोटिंग जैसी रोमांचक गतिविधियां होंगी। साथ ही म्यूजिक परफॉर्मेंस भी होंगी। इच्छुक पर्यटक 078087 80899 पर संपर्क कर बुकिंग संबंधी डिटेल्स प्राप्त कर सकते हैं।

## 2.0 दस्तावेज पर लोन की जानकारी देखी जा सकेगी डिजिटली

भोपाल। पंजीयन विभाग की नवीन तकनीक पर विकसित सॉफ्टवेयर संपदा -2.0 के ई-पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग का नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। इसके पायलेट प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन एवं नोटिफिकेशन जारी होने से अब मध्यप्रदेश दस्तावेजों के पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित होगा। सॉफ्टवेयर पर दस्तावेजों के ई-पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग के लिये प्रदेश के समस्त जिलों में लागू किये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। सॉफ्टवेयर द्वारा सम्पत्तियों का अंतरण, लोन इत्यादि दस्तावेजों का पंजीयन पूर्ण रूप से डिजिटली ही किया जायेगा। अगर उस दस्तावेज पर लोन लिया गया होगा, तो उसकी जानकारी भी इसमें देखी जा सकेगी। साथ ही सम्पत्ति की पहचान कस्टोडियम डिपार्टमेंट से की जायेगी। पंजीयकों की पहचान ई-केवाईसी के माध्यम से पूर्ण की जायेगी। इसमें घर बैठे पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग की सुविधा भी होगी।

## ट्रांसफार्मर एवं पोल के आसपास हाथ ठेले या गुमठियां न लगाएं - हो सकती है दुर्घटना

भोपाल। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि व्यापारीगण या फेरी वाले बिजली के वितरण ट्रांसफार्मर एवं पोल के आसपास हाथ ठेले या गुमठियां न लगाएं। ऐसा करने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि कई स्थानों पर ऐसा देखने में आ रहा है, ऐसा करके लोग जहां अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं, वहीं इस तरह से बिजली के खंभों या ट्रांसफार्मर से सटाकर ठेले पर सामान बेचना नियमों के विपरीत भी है। इसलिए यदि कहीं पर भी इस तरह की गतिविधियां हो रही हों तो स्वयं ही उन्हें हटा लें, अन्यथा विद्युत वितरण कंपनी को कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## जीवन प्रमाण पत्र एप से पेंशन धारक प्रस्तुत कर सकते हैं प्रमाण - पत्र

भोपाल। भारत सरकार की जीवन प्रमाण एप्लीकेशन के माध्यम से पेंशन धारक जीवन प्रमाण - पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। नजदीकी एमपी ऑनलाईन कियोस्क, सीएससी जाएं। बैंक की किसी भी शाखा में सुविधा का उपयोग करें या घर पर भी ऑनलाइन के माध्यम से वेबसाइट पर जाकर जीवन प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है। गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर दिए गए निर्देशों का पालन कर जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाईन जमा किया जा सकता है। गूगल प्ले स्टोर में उमंग एप डाउनलोड कर सर्वप्रथम रजिस्ट्रेशन मोबाइल नम्बर एवं ओटीपी द्वारा किया जा सकता है। इसके उपरांत सेट करना होगा। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए वीडिया सुविधा प्रारंभ की गई है। इसके लिए वेबसाइट पर जाएं, पेंशन के जिस खाता संख्या में पेंशन जमा होती है उसकी प्रविष्टि कर सुविधा का प्रयोग करें। पोस्ट ऑफिस की सशुल्क सुविधा 70 डोर स्टेप सुविधा प्रारंभ की गई है। जिसमें पोस्टमेन स्वयं पेंशनर के आवास में विजिट कर लाईफ सर्टिफिकेट की सुविधा प्रदान करता है। जिसकी बेवसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पेंशनर्स द्वारा अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र में जाकर भी जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।

# लोक सेवा, वंचितों की सेवा करने का सुअवसर-राज्यपाल

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि लोकसेवा पात्र, जरूरतमंदों और गरीबों की सेवा करने का सुअवसर है। उन्होंने डिप्टी कलेक्टरों से कहा कि लोकसेवा शब्द का अर्थ गहराई से समझें। जनता की सेवा के भाव को अपने मन में सदैव सबसे ऊपर रखें। सेवाकाल में ईमानदारी और निष्ठा से काम करने में ही जीवन की सार्थकता है। राज्यपाल श्री पटेल नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय एकेडमी भोपाल में प्रशिक्षणाधीन राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर्स को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अकादमी के महानिदेशक श्री जे.एन. कंसोटिया भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के ग़रीब कल्याण कार्यक्रमों को सफल बनाना लोक सेवकों की ज़िम्मेदारी है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना उनका मूल कर्तव्य है। अपने सेवाकाल में हमेशा बड़े-बुजुर्गों, दिव्यांगों और वंचितों के प्रति सम्मान और आदर का भाव रखें। राज्यपाल



श्री पटेल ने कहा कि राज्य की सेवा करने के लिए प्रशासनिक तंत्र का अंग बनने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। प्रशिक्षु अधिकारी प्रशिक्षण से जुड़ी बातें, नियमों और अधिनियमों को बारीकी से सीखें। प्रदेश की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक, चुनौतियों के अनुरूप समाधान का दृष्टिकोण अपनाए।

उन्होंने प्रशासनिक अकादमी भोपाल द्वारा अधिकारियों को स्वच्छ और संवेदनशील लोक-सेवक बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने राज्य प्रशासनिक सेवा में चयन के लिए सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई भी दी। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश जनजातीय बहुल राज्य है। प्रदेश के समग्र विकास के लिए जनजाति वर्ग का विकास बहुत जरूरी है। प्रशिक्षु अधिकारी जनजाति समुदाय के प्रति हमेशा सरल, संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार रखें। उनके साथ आत्मीय, सीधा और जीवंत सम्पर्क बनाए।

## अमानक बीज देने वाली फर्मों पर होगी सख्त कार्रवाई-मंत्री श्री कुशवाह

भोपाल। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने किसानों को उद्यानिकीफसलों के लिए उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि अमानक बीज देने वाली फर्मों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। मंत्री ने किसानों से आह्वान किया कि अगर उन्हें निःशुल्क बीजों की गुणवत्ता में कमी दिखाई दे, तो वे इसकी जानकारी विभाग को तत्काल दें। मंत्री श्री कुशवाह ग्वालियर जिला मुख्यालय पर आयोजित 4 दिवसीय किसान मेले का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। श्री कुशवाह ने बताया कि प्रदेश में संभागीय स्तर पर हाईटेक नर्सरी स्थापित की जा



रही हैं, जिनमें सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

ग्वालियर की सरकारी पौधशाला का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बताया कि इस वर्ष यहां से 7 लाख रुपये के पौधों की बिक्री हो चुकी है। चार दिवसीय किसान मेले में भितरवार विकासखंड के 142 किसान शामिल होंगे। इसी तरह 15 अक्टूबर को डबरा के 201 और 16 अक्टूबर को मुरार विकासखंड के 189 किसान शामिल होंगे।

## पिपलानी भेल में आयोजित रामलीला में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

भोपाल। रामलीला महोत्सव में भगवान राम के राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में विविध कला विकास समिति पिपलानी भेल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 5 से 12 वर्ष के बच्चों ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विभूति बरखानियां ने जीता, जबकि द्वितीय पुरस्कार अन्वी चौरसिया और तृतीय पुरस्कार आरोही सिंह ने हासिल किया। इसके अलावा मान्या सेन, तान्या सेन और स्वास्तिक यावले को क्रमशः सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सभी बच्चों की प्रस्तुति को दर्शकों की खूब तालियां मिली। ज्यूरी मेंबर में डॉली द्विवेदी (प्रख्यात गायक,वादक,नृत्य निदेशक एवं संचालक गजानन संगीत विद्यालय सोनागिरी, जेमिनी संगीत विद्यालय कोहेफिजा) एवं दामिनी गौतम (प्रिंसिपल टैलेंट इंडिया स्कूल संपदा कॉलोनी भोपाल) उपस्थित रहे। जिनका स्वागत शिवप्रसाद साहू और श्यामसुंदर ने



किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि रमन तिवारी (अध्यक्ष, अवधपुरी परिक्षेत्र जनकल्याण महासमिति), शैलेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज (कथावाचक) और मनोज गुप्ता (व्यवसायी) रहे। कार्यक्रम के संयोजक सुरेश सोनपुरे और योगेश सराठे, जबकि सहयोग समिति में अभय सक्सेना, संतोष सेन और आशीष पवार शामिल थे। अंत में समिति के महासचिव आर एस अरोरा ने रामलीला में अभिनय करने वाले सभी कलाकारों और सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# कलेक्टरों से रूबरू हुए सीएस अनुराग जैन

भोपाल। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सोमवार को प्रदेश के सभी कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग की। फील्ड के अफसरों के साथ हुई इस पहली बैठक में मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को साफ किया कि उनकी प्राथमिकता समय सीमा वाले कामों में देरी नहीं होने की है। कलेक्टर और एसपी जिलों में लॉ एंड ऑर्डर पर फोकस रखें और रबी सीजन में खाद-बीज की कमी की स्थिति न बनने दें। इसके साथ ही निर्माण कार्यों की समय सीमा और गुणवत्ता को ध्यान में रखा जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधे घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में मुख्य सचिव जैन ने कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों से सीधी बात की।



बैठक में पूर्णिमा पर दतिया जिले के रतनगढ़ में लगने वाले मेले की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर काम करने के निर्देश भी सीएस जैन ने दिए। इस दौरान उन्हें बताया गया कि दो साल पहले बाढ़ में बहा रतनगढ़ पुल अब शुरू हो गया है। इससे पहले से दिक्कतें कम हो गई हैं। मुख्य सचिव ने पुलिस और प्रशासन के अफसरों से विभागीय कामकाज की रिपोर्ट भी ली है। इस वीसी बैठक में सभी आईजी और रेंज में पदस्थ एडीजी भी शामिल हुए। डीजीपी सुधीर सक्सेना भी बैठक में शामिल हुए। सक्सेना बालाघाट रेंज के दौरे पर हैं। इसलिए सोमवार को हुई सीएस की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मीटिंग में डीजीपी सक्सेना बालाघाट एनआईसी से बैठक में शामिल हुए और पुलिस की रिपोर्ट बताई। जो भी छोटे बड़े प्रोजेक्ट आन वर्किंग हैं उनके निर्माण कार्य तय समय पर हों। जिस योजना के लिए और जिस काम की जो टाइम लाइन तय है, उसी के आधार पर समय सीमा में काम हो। नवरात्र पर्व बीत गया है और अब दीपावली की तैयारी शुरू हो गई है। इसलिए लॉ एंड आर्डर पर कलेक्टर, एसपी फोकस करेंगे। दीपावली के लिए पटाखा की दुकानों के लाइसेंस ठीक से चेक करें। किसी तरह की गड़बड़ी और लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मौसमी बीमारी डेंगू, चिकनगुनिया के मरीज बढ़ रहे हैं। इन रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक उपचार किए जाएं। फसलों का उपार्जन का काम समय पर हो। सरकार ने जो व्यवस्था तय की है, उसके आधार पर सोयाबीन और धान का उपार्जन किया जाए।

## डीए न मिलने से मध्य प्रदेश के कर्मचारियों में आक्रोश

भोपाल। राजस्थान सरकार ने दीपावली पर अपने 6 लाख कर्मचारियों को बोनस देने की घोषणा की है। प्रत्येक कर्मचारी को अधिकतम 6774 रुपए बोनस दिया जाएगा। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार ने भी अपने 14.82 लाख कर्मचारियों को 7000 रुपए बोनस देने की तैयारी कर ली है। दोनों सरकारों के इस निर्णय ने मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को आहत किया है। वे कहते हैं कि पड़ोसी सरकार अपने कर्मचारियों को बोनस दे रही है और हमारी सरकार 10 महीने में 4 प्रतिशत डीए (महंगाई भत्ता) और महंगाई राहत तक नहीं दे पाई। केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता फिर से बढ़ाने की तैयारी में है। मुमकिन है कि दीपावली से पहले सरकार भत्ता 50 से बढ़ाकर 53 प्रतिशत करने की घोषणा कर दे और मध्य प्रदेश के हालात ऐसे हैं कि जनवरी 2024 से 46 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया महंगाई भत्ता अब तक नहीं मिला है। ऐसे में बोनस की कल्पना करना भी बेमानी है। मप्र के कर्मचारियों को तो दीपावली से पहले 10 महीने से अटका 4 प्रतिशत डीए मिलने की उम्मीद थी, पर अब तक सरकार स्तर पर उसे लेकर भी कोई सुगबुगाहट नहीं है। जिससे कर्मचारी निराश हैं। मध्य प्रदेश में भी 28 साल पहले तक कर्मचारियों को बोनस मिलता था। तब छत्तीसगढ़ राज्य नहीं बना था, जिस कारण कर्मचारियों की संख्या भी अधिक थी। वर्ष 1996 में दीपावली पर आखिरी बार कर्मचारियों को 1079 रुपए बोनस मिला था। इसके बाद से सरकारों ने कर्मचारियों को बोनस देने में रुचि नहीं दिखाई।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये बालाघाट में हवाईपट्टी का होगा निर्माण-स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह

भोपाल। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि कान्हा नेशनल पार्क में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से बालाघाट में हवाई-पट्टी का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गंभीर मरीजों के इलाज के लिये एयर लिफ्टिंग की योजना बनाई है। इस वजह से ही यहाँ हवाई-पट्टी निर्माण आवश्यक हो गया है। स्कूल शिक्षा एवं प्रभारी मंत्री श्री सिंह बालाघाट में जिलाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विधायक सर्वश्री राजकुमार करांहे, गौरव पारधी, संजय उइके, मधु भगत, विक्की पटेल, श्रीमती अनुभा मुंजारे और पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे भी मौजूद थे। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे जिले की सम्पूर्ण सड़कों के दुरुस्तीकरण की कार्य-योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि नवम्बर माह से जिले में सड़कों की मरम्मत का कार्य युद्ध-स्तर पर किया जायेगा। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिये कहा। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने समीक्षा बैठक में स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य




विभाग के अधिकारियों को जिले में शाला भवनों की स्थिति की रिपोर्ट तैयार करने के लिये कहा।

उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ शाला भवनों के निर्माण और मरम्मत का कार्य किया जाये। उन्होंने शालाओं में अतिशेष शिक्षकों की स्थिति की भी जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने जिले में संचालित बस व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बसों के व्यवस्थित संचालन की निगरानी के लिये जल्द नया सिस्टम लागू किया जायेगा। इस सिस्टम से बसों के यात्री किराये पर भी निगरानी रखी जायेगी। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि मौजूद थे।

# भोपाल में निकला दुर्गा विसर्जन चल समारोह

भोपाल। राजधानी में दुर्गा उत्सव के समापन पर पुराने शहर से निकले चल समारोह का सेवा संकल्प युवा संगठन ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा लगाए मंचों के अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं का स्वागत साफा पहनाकर और शॉल देकर किया गया। संगठन के संयोजक चेतन भार्गव और अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि इस समारोह में सनातन परंपरा का निर्वाह करते हुए झांकियों को पुरस्कार, चांदी और सोने के मुकुट प्रदान किए गए। यह प्रयास झांकी समितियों का मनोबल बढ़ाने के लिए किया गया है, जिससे वे हर वर्ष आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए प्रस्तुत कर सकें। इस बार समारोह में भोपाल के बाहर के जिलों की झांकियां भी शामिल हुईं। संगठन ने निर्णय लिया है कि अब हर वर्ष सभी मंचों का सम्मान किया जाएगा।



मंचों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं, जिससे शहर के बाहर से आने वाले श्रद्धालु भी धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति मंच, श्री नवयुवक दुर्गा उत्सव, सिद्धिविनायक मंच, कुचबंदिया समाज का मंच, गौरव चेतना जनकल्याण मंच, अघोरी मंच सहित अन्य सभी मंचों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन के सदस्य यश जैन, राजेश साहू, उदित मौर्या, रविंद्र, मनोज सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने 1097 वाहन चालको के काटे चालान, वसूले 5.79 लाख रूपए

## नियमो की अवहेलना करने वालो की खैर नहीं





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिला मुख्यालय की बेपटरी यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिये यातायात पुलिस द्वारा लगातार जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं आदतन लापरवाह वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई कर विगत एक माह में 1097 वाहन चालको के चालान काट कर मध्य प्रदेश शासन के खाते में 5,79,200 रूपए का राजस्व जमा किया गया है।

यातायात प्रभारी रीता त्रिपाठी ने चर्चा के दौरान बताया कि जिले में होने वाली कई सड़क दुर्घटनाओं में कई घरों के चिराग हमेशा के लिये बुझ जाते हैं वहीं कई सड़क दुर्घटना में लापरवाही पूर्ण वाहन चलाने के चलते निर्दोष वाहन चालको एवं राहगीरों को भी सजा भुगतनी पड़ जाती है। उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, डीएसपी गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में जिल में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे जिले के हर विद्यालय में टीम पहुँच कर छात्र छात्राओं को यातायात के निमयों का पालन करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों के माध्यम से उनके अभिभावकों को भी संदेश दिया जा रहा है कि जब भी घर से दो पहिया वाहन लेकर चले तो हेलमेट अवश्य धारण करें वहीं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगायें।

**एक माह में 1097 के विरूद्ध हुई चालानी कार्रवाई :** यातायात प्रभारी रीता त्रिपाठी ने चर्चा के दौरान बताया कि आए होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ को कम करने के उद्देश्य से लगातार यातायात पुलिस द्वारा नुक्कड नाटक, जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है साथ ही यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई भी की जाती है। इसी तारतम्य में 13 सितम्बर 2024 से 13 अक्टूबर 24 के बीच में अभियान चलाया गया। जिसके तहत 1097 वाहन चालको द्वारा नियमो की अवहेलना करना पाया गया। जिसके तहत उनसे 5,79,200 रूपए की राशि जुर्माना बतौर वसूल कर मध्य प्रदेश शासन के खाते में जमा कराई गयी।

**चलेगा विशेष अभियान :** यातायात प्रभारी ने एक सवाल के जबाब में बताया कि बीच बाजार फर्राटा मारने वाले दो पहिया वाहन चालक, हाई प्रेशर हार्न, काली फिल्म लगे वाहन, नम्बर प्लेट की जगह लगे नियम विरूद्ध पद नाम के प्लेट सहित अन्य प्रमुख बिन्दुओ पर जल्द ही विशेष अभियान चलाया जाएगा। कई धाराओं में जुर्माना के साथ ही सजा का भी प्रावधान निहित हैं। यातायात प्रभारी ने आगे बताया कि नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालको की अब खैर नहीं।

# छेड़छाड़ से परेशान 15 साल की छात्रा ने किया सुसाइड



## परिजन ने एसपी ऑफिस का घेराव किया, बोले- आरोपियों को फांसी दो

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी में छेड़छाड़ से पीड़ित 15 साल की छात्रा ने सुसाइड कर लिया। उसका शव घर में फंदे पर लटका मिला। ये मामला 9 अक्टूबर का है। घटना के 5 दिन बाद सोमवार को परिजन ने एसपी ऑफिस का घेराव किया। पुलिस ने ऑफिस का मेन गेट लगा दिया। जिसके बाद परिजन सड़क पर ही बैठ गए। परिजन ने आरोपियों को फांसी पर लटकाने और उनका घर ढहाने की मांग की है।

बता दें कि लड़की ने सुसाइड नोट भी छोड़ा था। जिसमें तीन आरोपियों के नाम थे। पुलिस ने जांच के बाद घटना के अगले दिन ही पांच आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी रिश्ते में चाचा लगता है।

परिजन बोले- बेटी को ब्लैकमेल कर रहे थे आरोपी

परिजन ने बताया कि 9 अक्टूबर को बेटी सुबह 10.30 बजे स्कूल गई थी। शाम 4.30 बजे घर आई। खाना खाया। फिर सिर दर्द की बात कहकर कमरे में चली गई। शाम करीब 7 बजे उसे जगाने भेजा। सोचा, सभी साथ मिलकर गरबा देखने चलेंगे। लेकिन, कमरे में उसका शव फंदे पर लटका मिला।

**सुसाइड नोट में लिखा- छेड़छाड़ से परेशान हो गई:** पीड़ित ने सुसाइड नोट में ट्विंकल चौहान, पंकज गौतम और रिश्ते में अपने चाचा पर टॉर्चर करने का आरोप लगाया है। उसने लिखा- 9 अक्टूबर को आरोपी उसे बहला-फुसला कर स्कूल से गुरियरा बांध ले गए थे। यहां मारपीट की। पैसे भी छीन लिए। वीडियो भी बनाया।

**आरोपी ने दिया था मोबाइल, परिजन को पता नहीं:** घटनास्थल पर मोबाइल भी मिला है। इसमें कुछ फोटो, वीडियो और चैट भी मिली है। पता चला है कि आरोपियों ने लड़की को मोबाइल दे रखा था। इसके बारे में परिवार वालों को भी नहीं पता था। परिजन ने बताया कि आरोपी ने बेटी के वीडियो-फोटो बनाए हैं। इसी के आधार पर उसे ब्लैकमेल कर रहे थे।

पुलिस ने 10 अक्टूबर को पंकज गौतम, ट्विंकल चौहान, रंजीत सेन, हिमांचल सेन और लड़की के चाचा को गिरफ्तार कर लिया था। उसी दिन कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

**एसपी ऑफिस का गेट बंद किया:** सोमवार दोपहर परिजन इकट्ठा होकर एसपी ऑफिस पहुंचे। यहां एसपी डॉ. रविंद्र वर्मा मौजूद नहीं थे। पुलिसकर्मियों ने एसपी ऑफिस का गेट बंद कर दिया। इसके बाद परिजन बाहर सड़क पर बैठ गए। परिजन ने आरोपियों को फांसी की सजा देने, उनका घर ढहाने और सीबीआई जांच की मांग की है। परिजन ने बताया कि वे पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं हैं। मौके पर पहुंचे एएसपी अरविंद श्रीवास्तव ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इसके बाद सभी वापस लौटे।

**एसआईटी कर रही जांच:** एडिशनल एसपी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि मर्ग कायम कर लिया गया था। पुलिस तत्परता से जांच कर रही है। एसआईटी का गठन भी कर दिया गया है।

# आजाद अध्यापक ने विनय मिश्रा को दिखाया बाहर का रास्ता



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक स्थानी पूजा पार्क के गणेश मंदिर में हरीश मिश्र जिलाध्यक्ष, विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष के विशेष आतिथ्य तथा शिवकरण सिंह प्रांतीय संगठन मंत्री, संतोष पाण्डेय प्रांतीय मीडिया प्रभारी के विशेष उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक का आरंभ सर्वप्रथम विघ्नहर्ता गणेश जी की पूजा की जाकर आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें जिलाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रि या शीघ्र पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया। प्रदेश भर में सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष का निर्वाचन सीधी जिले से प्रारंभ होगा, तत्पश्चात संघ की आजीवन सदस्यता बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए पदाधिकारियों को आजीवन सदस्यता का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके बाद विनय मिश्र, कृष्ण कुमार मिश्र एवं राजेश शर्मा को आजीवन सदस्यता सहित सभी पदीय दायित्वों से सर्वसम्मति से त्यागपत्र स्वीकार कर उन्हे पदभार से मुक्त किया गया ।

आहुत की गयी आवश्यक बैठक के दौरान उच्च माध्यमिक शिक्षकों के समयमान वेतनमान, माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षकों के ₹ मोन्नति आदेश के साथ.साथ लंबित मंहगाई भत्ते की एरियर के शीघ्र भुगतान हेतु कलेक्टरए संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। साथ ही अन्य स्थानीय समस्याओं पर चर्चा कर शीघ्र निराकरण कराने की बात बैठक में रखी गई। बैठक में हरीश मिश्र जिलाध्यक्ष ने संघ को मजबूती प्रदान करने शिक्षकों की सभी समस्याओं के निराकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की बात कही, यह भी कहा कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ अपनी सकारात्मक ऊर्जा के साथ हर अध्यापक शिक्षक के हर कदम साथ खड़े रहने के लिए प्रतिबद्ध है ।

## 30 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** वर्ष 2024 में सीधी जिले के लिये कार्यालयीन आदेश दिनांक 07.03.2024 को घोषित स्थानीय अवकाश चुनाव कार्य होने के कारण निरस्त किया गया था। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर उक्त अवकाश के स्थान पर दिनांक 30.10.2024 को दीपावली (दक्षिण भारतीय) को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त स्थानीय अवकाश कोषागारों/उपकोषागारों एवं बैंको को छोड़कर जिले में स्थित शेष सभी शासकीय कार्यालयों/संस्थाओं में लागू होंगे।

# अच्छी कानून व्यवस्था और सुशासन से ही होगा विकास

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर तथा अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अच्छी कानून व्यवस्था और सुशासन से ही प्रदेश का विकास होगा। जन कल्याण को केन्द्र में रखकर विकास योजनाओं का परिणाममूलक ि यान्वयन करें। औद्योगिक विकास के लिए भारी मात्रा में निवेश की आवश्यकता है। निवेश के लिए अच्छी अधोसंरचना आवश्यक होगी। इसके लिए पूरे प्रदेश में कई बड़ी परियोजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा समय-सीमा में पूरा कराएं। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्व तथा पुलिस अधिकारी निचले स्तर तक समन्वय से कार्य करें। गणेश विसर्जन, नवरात्रि, ईद तथा दशहरे में पूरे प्रदेश में अच्छी कानून व्यवस्था के लिए सभी अधिकारियों को बधाई।



मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक कार्य पूरी संवेदनशीलता से करें। लंबित प्रकरणों का विश्लेषण कर उनकी कमी दूर करने का प्रयास करें। सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद रखें। प्रशासनिक कार्यों और विकास के कार्यों से आमजनता को जोड़ें। योजनाओं के संबंध में सही जानकारी आमजनता तक पहुंचाएं। कमिश्नर और कलेक्टर राजस्व कार्यों पर विशेष ध्यान दें। कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। नहरों की तत्काल मरम्मत कराकर अंतिम छोर तक पानी पहुंचाएं। जिन सिंचाई परियोजनाओं में प्रेशराइज्ड पाइप पानी दिया जा रहा है वहाँ के सभी किसानों को स्प्रिंकलर के उपयोग के लिए प्रेरित करें। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को घर, बिजली, पानी और एलपीजी गैस की सुविधा दी जा रही है। इनसे जुड़ी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। आकांक्षी जिले तथा विकासखण्ड एवं गति शक्ति योजना को जिला स्तर तक लागू करने के प्रयासों की भी मॉनीटरिंग करें। कलेक्टर पटवारियों के उनके हल्के के ग्राम पंचायत में सप्ताह में निर्धारित दिन में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी फसल के लिए बीज की कमी नहीं है। यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में भण्डारित है। डीएपी खाद की आपूर्ति कम है। कलेक्टर खाद के वितरण की उचित व्यवस्था करें। जिन वितरण केन्द्रों में अधिक संख्या में किसान पहुंच रहे हैं वहाँ निजी वि ेताओं के भी काउंटर शुरू करा दें। डीएपी के स्थान पर एनपीके और एसएसपी के खाद के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक करें। इसके लिए लगातार व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाएं। धान तथा अन्य अनाजों के उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्रों में पूरी व्यवस्था कर लें। उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। डेंगू, मलेरिया तथा चिकनगुनिया के नियंत्रण एवं अन्य संचारी रोगों से बचाव के लिए उचित व्यवस्था करें। जिन संभागों में नए जिलों का गठन हुआ है वहाँ कमिश्नर नए जिलों में मुख्य जिले के अधिकारियों की सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करें।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में डीजीपी ने कहा कि पूरे प्रदेश में राजस्व और पुलिस अधिकारी समन्वय से कार्य कर रहे हैं जिसके कारण त्यौहारों में कानून और व्यवस्था की अच्छी स्थिति बनी रही। कई जिलों में निराश्रित गौवंश सड़कों पर रहने के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन गौवंशों को गौशालाओं अथवा अन्य स्थानों में व्यवस्थित कराएं। नशीले पदार्थों के विरूद्ध लगातार अभियान जारी रखें। जिला स्तरीय एनकोर समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करके नशामुक्ति अभियान समीक्षा करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि संभाग में सभी त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हुए। मैहर में नवरात्रि मेले में सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए। चित्रकूट में दीवाली में लगभग 20 लाख लोग दीपदान के लिए आएंगे। इसके लिए पूरे प्रबंध किए जा रहे हैं। सभी जिलों में जन सुनवाई नियमित रूप से की जा रही है। राजस्व महाअभियान में भी प्रथम अभियान की तुलना में संभाग के सभी जिलों में स्थिति में सुधार हुआ है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल बचावा, जिउ बचावा सत्याग्रह



## सरकारी हॉस्पिटल के निजीकरण पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** "जिला अस्पताल बचावा, जिउ बचावा संघर्ष मोर्चा" ने सोमवार को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली के सामने "अस्पताल बचावा जिउ बचाव सत्याग्रह!" का आयोजन किया। सत्याग्रह में क्षेत्रीय ग्रामीणों मौजूद रहे।

टोंको-रोंको-ठोंको क्रन्तिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी ने कहा कि प्रत्येक जिले की आबादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मुख्य रूप से सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निर्भर रहती हैं और जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सरकार सहित स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है।

जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जिला अस्पताल को निजी हितधारकों को देने की प्रक्रिया राज्य शासन ने शुरू की है। प्रत्येक जिले में जिला अस्पताल जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का एक प्रमुख केंद्र होता है और यहां से सार्वजनिक स्वास्थ्य की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन होता है। साथ ही साथ जिले की गरीब और जरूरतमंद जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को पाने का एक महत्वपूर्ण संस्थान है।

जिला अस्पताल को निजी हाथों में देने से जनता के लिए यह एक घातक कदम होगा और जनता की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निजी संस्थानों को प्राथमिकता देना सरकार का अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों से पीछे हटना संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है।

संविधान के अनुच्छेद 47 के अनुसार स्वास्थ्य राज्य का विषय है और इसके अनुसार प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी और कर्तव्य है।

**यह थी ज्ञापन पत्र की प्रमुख मांगें:** ग्रामीणों ने मझौली एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इस में ये मांगे की गईं हैं। 1. जिला अस्पताल के निजीकरण पर रोक लगाई जाए।

2. मझौली सामुदायिक स्वस्थ केंद्र एवं इसके अनर्गत आने वाले प्रथमिक स्वाथ्य केंद्र में रिक्त पदों पर डाक्टर, महिला डॉक्टर और अन्य स्टाप कि पदस्थापना किया जाए।

3. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में एक्सरे मशीन ऑपरेटर की पदस्थापना कर एक्स-रे मशीन का संचालन सुनिश्चित किया जाए।

4. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़वास को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाए।

5. आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र गिजवार और टिकरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन सुनिश्चित किया जाए।

6. मझौली सामुदायिक स्वस्थ केंद्र क्षेत्र अंतर्गत अवैध क्लिनिक, बंगाली डाक्टर कि एवं अवैध मेडिकल स्टोर की जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाए।

एसडीएम आर पी त्रिपाठी ने बताया लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। हम वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से इस पत्र को भिजवा देंगे।

### समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

# समाधान कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करायें



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि इस माह से पुनः समाधान ऑनलाइन कार्यर म का आयोजन किया जाना है, जिसके लिए विषयों का चयन कर लिया गया है। सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि अन्य शिकायतों का भी निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। अन अटेन्डेड तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम होनी चाहिए। बजट के अभाव के कारण लंबित शिकायतों को छोड़कर शेष सभी शिकायतों का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करायें।

**समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषय:** आवास सहायता योजना की राशि प्राप्त न होना, निर्धारित दर से प्राप्त न होना आवास सहायता आदिम जाति कल्याण विभाग, छात्रावासों में आवास/भोजन/साफसफाई आदि की सुविधा न होना/प्रवेश न मिलने/अति मण/छात्रावास में अधीक्षक/कर्मचारियों से संबंधी (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग), जननी सुरक्षा योजना/मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना (संबल) अंतर्गत पात्रता के अनुसार राशि प्राप्त न होने के संबंध में (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), नवीन राशन कार्ड जारी करना (नया राशन कार्ड/पात्रता पर्ची बनवाने के संबंध में) खाद्य आपूर्ति विभाग, नामांतरण संबंधी राजस्व मामले एवं बंटवारा संबंधी मामले (राजस्व विभाग), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) स्वीकृत आवास की राशि प्रदान करने के संबंध में (प्रधानमंत्री आवास योजना), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित दिनांक 01.01.2017 से प्रारम्भ (महिला एवं बाल विकास), पोस्ट मेट्रिक/प्रवीण्य/विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति नहीं मिलने संबंधी (पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग), बिजली न आने/वोल्टेज से संबंधित (ऊर्जा विभाग), मध्यप्रदेश असंगठित शहरी/ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना से संबंधित (मध्यप्रदेश असंगठित शहरी, ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्ड संबल योजना-श्रम विभाग), विवेचना में विलंब व लापरवाही करना, समय से प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत नही करना, किसी पक्ष से मिलकर दबाव में सही कार्यवाही विवेचना न करना (पुलिस), शिष्यवृत्ति, छात्रवृत्ति प्राप्त न होना, विलंब से प्राप्त होना, निर्धारित दर से प्राप्त न होने संबंधी (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग), समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 1 से 12 तक शिक्षनार्थियों के लिए छात्रवृत्ति न मिलने संबंधी (लोक शिक्षण) एवं 100 दिवस से लंबित समस्त शिकायतें समाधान ऑनलाइन कार्यर म में सम्मिलित हैं। कलेक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को उपखण्ड स्तर पर खंड स्तरीय अधिकारियों से इन विषयों से संबंधित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने पटाखों के वि य के लिए स्थल चिन्हांकित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पटाखों के गोदाम, भंडारण स्थल आदि के निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों के वि य के रोकने के लिए खाद्य सामग्रियों की सतत जांच करने और सैम्पल लेने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने 23 अक्टूबर को रीवा में प्रस्तावित औद्योगिक क्लस्टर मीट की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने जिले में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की संभावनाओं को देखते हुए लैंड बैंक चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# व्हाट्सएप पर मैसेज के माध्यम से पहुँचेगी 108 एंबुलेंस




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्य प्रदेश 108 एंबुलेंस द्वारा टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए लोगों को सेवा दी जा रही है और संचालन करने वाली संस्था अपने प्रयासों से लोगों को बेहतर सेवा देने के लिए लगातार तत्पर है। इसी प्रतिबद्धता के अंतर्गत एक नई सेवा चालू की गई है जिससे लोग 108 एंबुलेंस के लिए व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज करके भी एंबुलेंस को बुक कर सकते हैं।

मनोज शुक्ला जिला प्रबंधक 108 एंबुलेंस सेवा ने चर्चा के दौरान बताया कि तरुण सिंह परिहार सीनियर मैनेजर जय अम्बे की विशेष पहल पर सीधी जिले में नई सुविधा प्रारंभ कर दी गयी है। जिसके तहत किसी भी व्यक्ति द्वारा अपने मोबाइल से 6269695935 मोबाइल नम्बर पर मैसेज भेजने के बाद कुछ जरूरी जानकारी मांगी जाएगी। आपके द्वारा फीड किया गया डाटा, हमारे कंट्रोल रूम पर पहुंच जाएगा और हमारी टीम द्वारा आपके लिए एंबुलेंस बताये गये पते पर भेज दी जाएगी। 108 एंबुलेंस टीम द्वारा जनता के लिए व्हाट्सएप की पहल लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु शुरू की गई है। मनोज शुक्ला ने बताया कि पहले लोग जब भी 108 कॉल सेंटर पर संपर्क करते थें तो ज्यादातर उन्हे कॉल वेटिंग की समस्या से रूबरू होना पड़ता था अब नई सुविधा से उस समस्या से भी निजात मिल जायेगी। श्री शुक्ला ने आगे बताया कि नई सुविधा प्रारंभ होने से इसका सीधा लाभ जिले के मूक वधिर भी उठा सकते हैं, पहले उन्हे आपतकाल में दूसरे व्यक्ति पर निर्भर रहना पड़ता था अब वे अपने मोबाइल माध्यम से भी एम्बूलेंस को घटना स्थल तक बुला सकते हैं।

# विचार

## सीबीआई और एफबीआई सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र'

आज देश की प्रमुख जांच एजेंसियाँ केंद्रीय जांच ब्यूरों ( सीबीआई ) और वित्तीय जांच ब्यूरो ( एफबीआई ) सहित रक्षा इकाईयों पर यह एक सामान्य आरोप लगाा जा रहा है, ये सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र' है, जबकि इन पर पूरा नियंत्रण सरकार का है, इसीलिए यह सामान्य आरोप लगाया जाता है कि सरकारी वित्तीय घपलों की जांच निष्पक्षता के दायरें से बाहर ही रहती है, अब आज का मुख्य सवाल यह है कि इन प्रतिष्ठानों के नाम को स्वतंत्र' के साथ जोड़ा गया है, तो इन्हें स्वतंत्रता' व न्यायपूर्ण काम क्यों नही करने दिया जाता। पिछले दिनों दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरिवंद केजरीवाल की शराब काण्ड में जमानत पर सर्वोच्च न्यायालय ने जो सरकारी जांच एजेंसियों को लेकर सख्त टिप्पणियां की, उन पर सरकार ने चाहे गौर न किया हो, किंतु देश के हर जागरूक और बुद्धिजीवी नागरिक ने काफी गंभीरता से लेकर उस पर मनन भी किया है और सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों को आज की सच्चाई से जोड़ा है। आज की एक बड़ी सच्चाई यह भी है कि आज देश को प्रजातंत्र के तीन अंगों में से सिर्फ और सिर्फ न्यायपालिका पर ही भरोसा शेष रहा है, विधायिका व कार्यपालिका के साथ ही चौथे कथित अंग खबर पालिका पर भी भरोसा शेष नही रहा। अब चूंकि पूरे देश को न्याय पालिका पर ही भरोसा रहा है और न्याय पालिका भी इस भरोसे को कायम रखने में जुटी है, तो फिर इन तथाकथित जांच एजेंसियों को सरकारी नियंत्रण से बाहर क्यों नही लाया जा रहा? यहाँ यह भी कटु सत्य है कि सरकार के अधिकांश दुष्कर्म' के मामलों की जांच का उत्तरदायित्व भी इन्हीं जांच एजेंसियों को सौंपा जाता है, जिन पर केन्द्र या राज्य में विराजित उन राजनेताओं का नियंत्रण रहता है जो स्वयं इन दुष्कर्मों' के सहभागी होते है, अब ऐसी स्थिति में तथाकथित इन स्वतंत्र जांच एजेंसियों से सही न्यायपूर्ण व संवैधानिक जांच की उम्मीद कैसे की जा सकती है, यही मुख्य कारण है कि प्रजातंत्र के किसी भी अंग को सही व उचित न्याय नही मिल पाता और देश के आम नागरिक की खून-पसीनें की कमाई का अधिकांश पैसा इन कथित भ्रष्ट सत्ताधीशों की जेबों में चला जाता है, यही मुख्य कारण है कि आज के युवा वर्ग में राजनीति के प्रति रूझान बढ़ता जा रहा है। ज.और देश को सकी गाढ़ी कमाई राशि के घपले पर न्याय भी नही मिल पाता क्योंकि जांच एजेंसियाँ इन्हीं भ्रष्टाचारियों के कब्जे में रहती है और यही कारण है कि भ्रष्टाचार का महारोग' दिन दूनी-रात चौगुनी गति से महामारी का रूप ग्रहण करता जा रहा है। इसलिए आज की सबसे अहम् और पहली जरूरत इन सरकारी जांच एजेंसियों को सरकार के नियंत्रण से बाहर करने की है और इसके लिए तथाकथित रूप से ईमानदार प्रधानमंत्री जी को ही संसद में संविधान संशोधन प्रस्तुत कर इन स्वतंत्र' एजेंसियों पर से अपना नियंत्रण हटाना पड़ेगा। खासकर केंन्द्रीय गृहमंत्री से तो ऐसी अपेक्षा की ही जा सकती है? क्योंकि आज इन एजेंसियों की स्वायतता को लेकर हर तरफ से कई सवाल खड़े किए जा रहे है। क्या ही अच्छा हो, यदि मोदी सरकार इन स्वतंत्र जांच एजेंसियों की अब तक की भूमिकाओं, उनकी कार्यशैली व उनकी मजबूरियों की निष्पक्ष समीक्षा कर संसद के माध्यम से इन्हें और अधिक सक्षम व विश्वसनीय बनाने की दिशा में अहम् भूमिका का निर्वहन करें?

# आरएसएस की स्थापना विजयादशमी के दिन ही क्यों हुई?

**प्रह्लाद सबनानी**

**भारतीय परंपरा में, आश्विन शुल दशमी को, अक्षय स्फूर्ति, शक्तिपूजा एवं विजय प्राप्ति का दिवस माना जाता है। किसी भी शुभ, सात्विक एवं राष्ट्र गौरवकारी कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह मुहूर्त सर्वोम माना गया है। विजयादशमी का यह उत्सव आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्तियों की विजय का प्रतीक है। विजयादशमी के दिन ही सतयुग में भगवती मां दुर्गा के रूप में दैवी शक्ति ने महिषासुर का मर्दन किया था। त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने वनवासियों का सहयोग लेकर, उन्हें संगठित कर तथा सेतु-निर्माण कर, दुष्ट रावण की आसुरी शक्तियों का विनाश किया था। तथा, इसी प्रकार द्वापरयुग में श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में दैवी शक्तियों ने आसुरी शक्तियों का विध्वंस किया था।**



कलयुग में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हिंदुत्व का स्वाभिमान लेकर हिंदू पद-पादशाही की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा सीमोल्लंघन की परंपरा का प्रारंभ भी इसी पावन दिवस पर किया गया था। और, रामलीला तथा दुर्गापूजा इन दोनों उत्सवों को, इस विजयशाली दिवस की पावन स्मृति को, लोकमानस में बनाए रखने की दृष्टि से ही, मनाया जाता है।विजयादशमी के पावन दिवस पर शस्त्र-पूजन की परंपरा भी है। 12 वर्ष के वनवास तथा 1 वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात् पांडवों ने अपने शस्त्रों का पूजन इसी दिन किया था तथा उन्हें पुन: धारण किया था। विजयादशमी के दिन ही, परमपूज्य आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने नागपुर के मोहिते के बाड़े में संवत् 1983 तदनुसार 27 सितंबर 1925 ईसवी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी, अर्थात् राष्ट्र जीवन में शक्ति का निर्माण करने के लिए संकल्पित संघ का कार्य भी इसी दिन के शुभ मुहूर्त से प्रारंभ हुआ था। वर्ष 2014 में विजयादशमी दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, अर्थात् संघ का यह सौवां विजयादशमी उत्सव है। मुगलकाल एवं ब्रिटिश शासनकाल के अंतर्गत हिन्दू लोक जीवन विखंडित हो गया था। हिन्दू धर्म के मूल रहस्यों से अनभिज्ञ आक्रांताओं ने न केवल वैयक्तिक अधिकारों का हनन किया अपितु हिन्दू धर्म के मूल ग्रंथों को भी नष्ट कर दिया। 1000 वर्षो तक सनातन संस्कृति विधर्मियों के प्रहार को झेलती हुई लगभग मृतप्राय बना दी गई थी। साथ ही, जिस खंडकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी वह मुस्लिम तुष्टिकरण का काल था। वर्ष 1920 में देश में खिलाफत आंदोलन शुरू हुआ। मुसलमानों का नेतृत्व मुल्ला-मौलवियों के हाथों में था। इस खंडकाल में मुसलमानों ने देश में अनेक दंगे किए। केरल में मोपला मुसलमानों ने विद्रोह किया।

उसमें हजारों हिंदू मारे गए। मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण के कारण हिंदुओं में अत्यंत असुरक्षिता की भावना फैली थी। हिंदू संगठित हुए बिना मुस्लिम आक्राताओं के सामने टिक नहीं सकेंगे, यह विचार अनेक लोगों ने प्रस्तुत किया और इस प्रकार हिंदू हितों के रक्षार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि 'संघ शक्ति कलौ युगे% अर्थात् कलयुग में संगठन ही सर्वोपरि है। इस वाक्य के अनुरूप ही संघ में संगठन को विशेष महत्व प्रदान किया जाता है। अब आवश्यकता है कि मूल्य परक हिन्दू जीवन पद्धति जिससे न केवल मानव अपितु प्रकृति एवं जीव-जन्तु जगत का भी उत्थान सम्भव है, उसे पुन: प्रतिष्ठित किया जाए। इस प्रकार, संघ के प्रयासों से भारत में विस्मृत राष्ट्रभाव का पुनर्जागरण प्रारम्भ हुआ है। भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसा संगठन रहा होगा जो अपनी स्थापना के समय से ही निर्धारित किए गए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। मार्च, 2024 में संघ की नागपुर में आयोजित प्रतिनिधि सभा की बैठक में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 922 जिलों, 6597 खंडों एवं 27,720 मंडलों में 73,117 दैनिक शाखाएं हैं, प्रत्येक मंडल में 12 से 15 गांव शामिल हैं। समाज के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में संघ की प्रेरणा से 40 से अधिक विभिन्न संगठन अपना कार्य कर रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण तथा हिंदू समाज को संगठित करने में अपना योगदान दे रहे हैं। देश में राजनैतिक कारणों के चलते संघ पर तीन बार प्रतिबंध भी लगाया गया है- वर्ष 1948, वर्ष 1975 एवं वर्ष 1992 में - परंतु तीनों ही बार संघ पहिले से भी अधिक सशक्त और मुखर होकर भारतीय समाज के बीच उभरा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ॶहिंदूॶ शब्द की व्याख्या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संदर्भ में करता है जो किसी भी तरह से (पश्चिमी) धार्मिक अवधारणा के समान नहीं है। इसकी विचारधारा और मिशन का जीवंत सम्बंध स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, बाल गंगाधर तिलक और बी सी पाल जैसे हिंदू विचारकों के दर्शन से हैं। विवेकानंद ने यह महसूस किया था कि ॶसही अर्थों में एक हिंदू संगठन अत्यंत आवश्यक है जो हिंदुओं को परस्पर सहयोग और सराहना का भाव सिखाए।

स्वामी विवेकानंद के इस विचार को डॉक्टर हेडगेवार ने व्यवहार में बदल दिया। उनका मानना था कि हिंदुओं को एक ऐसे कार्य दर्शन की आवश्यकता है जो इतिहास और संस्कृति पर आधारित हो, जो उनके अतीत का हिस्सा हो और जिसके बारे में उन्हें कुछ जानकारी हो। संघ की शाखाएं इस महान कार्य को आगे बढ़ाते हुए स्व के भाव को परिशुद्ध कर उसे एक बड़े सामाजिक और राष्ट्रीय हित की भावना में मिला देती हैं। संघ की शाखाओं में अनोखी पद्धति का अनुपालन करते हुए युवाओं में राष्ट्रीयता का भाव विकसित किया जाता है। शाखा की इस अनोखी पद्धति की सराहना आज पूरे विश्व में ही की जा रही है। वस्तुत: यह कह सकते हैं कि हिंदू राष्ट्र को स्वतंत्र करने व हिंदू समाज, हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति की रक्षा कर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के उद्देश्य से डॉक्टर साहब ने संघ की स्थापना की। आज संघ का केवल एक ही ध्येय है कि भारत को पुन: विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जाय।

संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी की दृष्टि हिंदू संस्कृति के बारे में बहुत स्पष्ट थी एवं वे इसे भारत में पुन: प्रतिष्ठित कराना चाहते थे। डॉक्टर साहब के अनुसार, हिंदू संस्कृति हिंदुस्तान का प्राण है। अतएव हिंदुस्तान का संरक्षण करना हो तो हिंदू संस्कृति का संरक्षण करना हमारा पहला कर्त्तव्य हो जाता है। हिंदुस्तान की हिंदू संस्कृति ही नष्ट होने वाली हो तो, हिंदू समाज का नामोनिशान हिंदुस्तान से मिटने वाला हो, तो फिर शेष जमीन के टुकड़े को हिंदुस्तान या हिंदू राष्ट्र कैसे कहा जा सकता है? क्योंकि राष्ट्र, जमीन के टुकड़े का नाम तो नहीं हैज्ज् यह बात एकदम सत्य है। फिर भी हिंदू धर्म तथा हिंदू संस्कृति की सुरक्षा एवं प्रतिदिन विधर्मियों द्वारा हिंदू समाज पर हो रहे विनाशकारी हमलों को कांग्रेस द्वारा दुरलक्षित किया जा रहा है, इसलिए इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आवश्यकता है।

वस्तुत: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आज भी लक्ष्य हिंदुओं को जाति, क्षेत्र और भाषा के कृत्रिम विभाजन के चलते उत्पन्न सामाजिक सांस्कृतिक विरोधाभासों से उबारना है। इसकी आकांक्षा है कि भारत को विश्व गुरु का स्थान अपने कृतत्व, दर्शन और सांस्कृतिक प्रभाव से पुन: मिले। भारतीय समाज को संघ के इन प्रयासों से अपने आप को जोड़ना चाहिए तभी भारत को पुन: विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

हाल ही के समय में हिंदू समाज में दिखाई दे रही एकरसता के चलते भारत का रुतबा वैश्विक स्तर पर बढ़ा है, यह परिणाम स्पष्ट तौर पर दिखाई देने लगा है। भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। विश्व के शक्तिशाली देशों की सूची में अमेरिका, रूस, जापान, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स जैसे पश्चिमी देशों के नाम ही सुनाई देते रहे हैं। यूनाइटेड नेशन्स में वीटो पावर भी इन्हीं देशों के पास रही है। भारत का इस दृष्टि से दूर दूर तक नाम दिखाई नहीं देता था। परंतु, आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है।

# तिरंगा उठाने वाला कोई नहीं बचेगा, कहने वाली महबूबा की पार्टी का झंडा उठाने वाला कोई नहीं बचा

**नीरज कुमार दुबे ।**

पहले इस साल हुए लोकसभा चुनावों में और अब जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को जो झटका लगा है उसके चलते इस पार्टी के अस्तित्व पर ही खतरा मंडराने लगा है। देखा जाये तो अपने संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद के निधन के बाद से पीडीपी एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। मुफ्ती मोहम्मद सईद के बाद उनकी बेटी महबूबा मुफ्ती ने पार्टी और सरकार की कमान तो संभाली लेकिन ना वह सरकार चला पाईं ना ही अपनी पार्टी को आगे बढ़ा पाईं। महबूबा मुफ्ती के पास कितना राजनीतिक कौशल है इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि मुफ्ती मोहम्मद सईद के साथ वर्षों तक काम कर चुके कई बड़े नेता पीडीपी छोड़ चुके हैं। इसके अलावा, इस साल हुए लोकसभा चुनावों में महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनाव हार गयीं और अब उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती दक्षिण कश्मीर की बिजबेहरा सीट से चुनाव हार गयीं। यही नहीं, महबूबा ने अपने भाई तस्सदुक हुसैन मुफ्ती को भी राजनीति में स्थापित करने का प्रयास किया लेकिन विफल रहीं।

हम आपको याद दिला दें कि महबूबा मुफ्ती ही वही शख्स हैं जिन्होंने कहा था कि यदि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया गया तो राज्य में तिरंगा उठाने वाला कोई नहीं होगा। लेकिन अब स्थिति यह है कि जम्मू-कश्मीर में हर हाथ में तिरंगा है और महबूबा की पार्टी का झंडा उठाने वाला कोई नहीं है। इस बार महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने या किंगमेकर बनने के उद्देश्य से चुनाव लड़ा था लेकिन जनता ने उनकी किसी उम्मीद को पूरा नहीं होने दिया। जनता ने जिस तरह पीडीपी के गढ़ माने जाने वाले बिजबेहरा में महबूबा की बेटी को करारी शिकस्त दी है वह दर्शाता है कि कट्टरपंथियों और आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने वालों के दिन अब राजनीति में लद चुके हैं। हम आपको याद दिला दें कि चुनावों के बीच ही महबूबा ने प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी पर से प्रतिबंध हटाने की मांग की थी। चुनावों के दौरान एक तरह से अलगाववादियों को उनका खुला समर्थन साफ नजर आ रहा था



लेकिन जनता ने किसी भी अलगाववादी को विधानसभा नहीं पहुँचने दिया। वर्ष 2016 से 2018 तक मुख्यमंत्री रहीं महबूबा ने इस बार चुनाव नहीं लड़ा था। उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती अपने पहले विधानसभा चुनाव में श्रीगुफवारा-बिजबेहरा सीट से हार गईं। महबूबा को उम्मीद थी कि उनकी पार्टी पीडीपी क्षेत्रीय राजनीति में प्रासंगिक बने रहने के लिए पर्याप्त सीट जीतेगी। वैसे पार्टी की उम्मीदें कम होने का संकेत इल्तिजा ने चुनाव से पहले ही दे दिया था जब उन्होंने कहा था कि ''पीडीपी किंगमेकर होगी'' क्योंकि चुनाव में त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति बनेगी। पीडीपी की इस करारी हार पर इल्तिजा मुफ्ती ने कई कारणों को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि हमारे 25 विधायक, दो राज्यसभा सदस्य और कई मंत्री पार्टी से चले गए और उनके साथ ही हमारे कार्यकर्ता भी पार्टी छोड़कर चले गए। उनका कहना है कि हमारी पार्टी पर हुआ यह हमला इस हार का सबसे बड़ा कारण है। हम आपको बता दें कि इस बार के विधानसभा चुनाव में पीडीपी ने कुल 84 सीटों पर चुनाव लड़ा था जिनमें से उसे मात्र तीन सीटों पर जीत मिली है। पीडीपी का यह प्रदर्शन दर्शा रहा है कि महबूबा अपने पिता की पार्टी को रसातल में पहुँचा चुकी हैं।

देखा जाये तो आतंकवादियों के जनाजे में शामिल होती रहीं महबूबा मुफ्ती के परिवार की वजह से ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बढ़ा लेकिन इन लोगों ने हमेशा आतंकवादियों का बचाव किया और उनके प्रति नरम रुख बनाये रखा। हम आपको याद दिला दें कि मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी और महबूबा मुफ्ती की बहन रुबैया सईद जब 1989 के अपने अपहरण से जुड़े मामले में साल 2022 में सीबीआई की विशेष अदालत के समक्ष पेश हुई थीं तो उस दौरान उन्होंने सिर्फ जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक की पहचान अपने अपहरणकर्ताओं के रूप में की। उन्होंने किसी अन्य को नहीं पहचाना था। इस पर महबूबा ने कहा था कि लंबा वक्त बीत जाने पर लोग बहुत कुछ भूल जाते हैं। हम आपको याद दिला दें कि 1989 में अपहरणकर्ताओं ने उन्हें पांच आतंकवादियों की रिहाई के बदले रिहा किया था। 1990 के दशक की शुरुआत में इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। रुबैया का अपहरण घाटी के अस्थिर इतिहास की एक प्रमुख घटना माना जाता है। उनकी आजादी के बदले जेकेएलएफ के पांच सदस्यों की रिहाई को आतंकी समूहों का मनोबल बढ़ाने वाले कदम के रूप में देखा गया था, जिन्होंने उस समय सिर उठाना शुरू किया था। रुबैया को आठ दिसंबर 1989 को श्रीनगर के लाल डेड अस्पताल के पास से अगवा कर लिया गया था। 13 दिसंबर 1989 को केंद्र की तत्कालीन वीपी सिंह सरकार द्वारा पांच आतंकियों को रिहा किए जाने के बाद अपहरणकर्ताओं ने उन्हें रिहा कर दिया था।.हम आपको बता दें कि विधि स्नातक 56 वर्षीय महबूबा ने 1996 में अपने पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद के साथ कांग्रेस में शामिल होकर राज्य की मुख्यधारा की राजनीति में प्रवेश किया था। यह वह समय था जब आतंकवाद अपने चरम पर था। वह पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य की पहली और अंतिम महिला मुख्यमंत्री थीं। 65 वर्षीय पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने अपनी पार्टी को पुनर्जीवित करने की उम्मीद में उम्मीदवारों के लिए सक्रिय रूप से प्रचार किया था

# हेड-कॉन्स्टेबल की पत्नी-बेटी को तलवार से काट डाला, सूरजपुर में भीड़ ने आरोपी का घर फूंका

## गाड़ियों में लगाई आग; गृहमंत्री बोले- आरोपी का राजनैतिक जुड़ाव





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में हेड कॉन्स्टेबल तालिब शेख की पत्नी और बेटी की तलवार से काटकर हत्या कर दी गई। आरोपी का नाम कुलदीप साहू है। घटना से आक्रोशित लोगों ने कुलदीप साहू के घर और गोदाम के बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी।

आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भीड़ उग्र है। इसके बाद शाम को सरगुजा आईजी अंकित गर्ग सूरजपुर पहुंच गए। उनके नेतृत्व में पुलिस ने मार्च निकाला। आईजी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। वहीं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा- घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी। आरोपी के पास राजनीतिक हस्तियों के साथ तस्वीरें हैं, जो उसके राजनीतिक जुड़ाव को दर्शाती हैं, लेकिन उसे सिर्फ एक आरोपी के तौर पर देखा जाना चाहिए और उसी हिसाब से जांच होनी चाहिए। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

**हेड कॉन्स्टेबल गिरफ्तार करने गया तो आरोपी ने परिवार को मार दिया:** दरअसल, एक केस के सिलसिले में तालिब अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कुलदीप को पकड़ने गए थे। मगर वह फरार हो गया। इसके बाद कुलदीप ने तालिब के घर में घुसकर उनकी पत्नी मेहू फैज और बेटी आलिया शेख का मर्डर कर दिया। लाश को करीब 5 किलोमीटर दूर नहर के पास खेत में फेंक दिया। अर्धनग्न हालत में शव मिले हैं।

**पुलिस पर भी की फायरिंग:** वारदात के बाद गाड़ी से भाग रहे आरोपी का पीछा किया गया तो उसने पुलिस पर फायरिंग भी की। इधर घटना से पहले ही आरोपी के घरवाले कहीं चले गए थे। भीड़ को कंट्रोल करने पहुंचे स्ष्ठरू जगन्नाथ वर्मा से भी मारपीट की, थाने का घेराव भी किया। तनाव के हालात को देखते हुए शहर में पुलिस बल तैनात किया गया है।

**गृहमंत्री बोले- स्थिति नियंत्रण में:** गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा- सूरजपुर में दंगे जैसी स्थिति थी जिसे रोका गया। हत्यारे के परिवार को सुरक्षित रखा गया है और साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि आरोपी को सजा मिले। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

**बवाल के साथ जमकर सियासत भी:** इस मामले में आरोपी कुलदीप साहू का पॉलिटिकल कनेक्शन भी सामने आया। भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास ने एक तस्वीर शेयर की जिसमें कुलदीप साहू को हस्ढ्ढ का नेता बताया गया। इस पर सूरजपुर के हस्ढ्ढ जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह मेरे कार्यकारिणी में नहीं है। इसके बाद हस्ढ्ढ के प्रदेश अध्यक्ष ने भी पोस्ट कर बताया कि, कुलदीप किसी पद पर नहीं रहा है।

# लॉरेंस-बिश्नोई का करीबी अमन साव 5 दिन रिमांड पर



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**लॉरेंस बिश्नोई के करीबी गैंगस्टर अमन साव को रायपुर कोर्ट ने 19 अक्टूबर तक 5 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। पुलिस अब उससे कारोबारी प्रह्लाद राय पर फायरिंग मामले में पूछताछ करेगी। मामले की सुनवाई जस्टिस भूपेश कुमार बसंत की कोर्ट में हुई।

अमन साव को पुलिस ने एक दिन पहले ही झारखंड से गिरफ्तार किया था। इसके बाद प्रोडक्शन वारंट पर 40 पुलिसकर्मियों की टीम सोमवार तड़के उसे रायपुर लेकर पहुंची थी। अमन साव कारोबारी प्रह्लाद राय अग्रवाल पर गोली चलवाने का मुख्य आरोपी है।

प्रह्लाद राय का तेलीबांधा क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन के नाम से ऑफिस है। यहां 13 जुलाई को अमन साव के गुर्गों ने गोली चलाई थी। इस गोलीकांड में अमन साव के अलावा लॉरेंस बिश्नोई का नाम भी सामने आया था।

अमन साव को रायपुर प्रोटेक्शन वारंट में लाने पर रायपुर पुलिस को पांचवीं बार में सफलता मिली। इससे पहले चार बार रायपुर पुलिस के अधिकारी प्रोटेक्शन वारंट पर रायपुर लाने की मांग कर चुके थे, लेकिन हर बार उनकी मांग को नकार दिया जाता था।

शनिवार को दोनों प्रदेश के पुलिस अधिकारियों के बीच चर्चा हुई और उसके बाद प्रोटेक्शन वारंट पर रायपुर लाने की मंजूरी मिली और रविवार की शाम को अमन साव को रायपुर के लिए रवाना किया गया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अमन साव को रायपुर लाने के लिए 10 सदस्यों की टीम पहुंची थी। इस टीम को लीड एसीसीयू प्रभारी कर रहे हैं। टीम के अलावा अमन साव को रायपुर तक पहुंचाने के लिए झारखंड पुलिस की तरफ से 30 सदस्यों की टीम मिली है।

ये टीम हाईटेक हथियारों से लैस है। अमन साव को रायपुर लाने के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा और वहां से उसकी रिमांड रायपुर पुलिस मांगेगी। रिमांड में लेने के बाद आरोपी से पूछताछ की जाएगी।

# रायगढ़ में ट्रेन से कटकर 2 लोगों की मौत, सिर धड़ से अलग मिला

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में दो अलग-अलग मामलों में ट्रेन की चपेट में आ जाने से 2 लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर रेलवे पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक पहली घटना रविवार की रात करीब तीन बजे की बताई जा रही है। 24 साल के युवक का शव कोतरलिया यार्ड अप लाइन में सुबह देखा गया। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जवान मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए शिनाख्त करने की कोशिश की गई, लेकिन उसकी पहचान पता नहीं हो पाई। बताया जा रहा है कि ट्रेन की चपेट में आने से उसके सिर में चोट में है और एक हाथ कट गया है। संभावना जताई जा रही है कि वह लाइन पार कर रहा था, तभी घटना घटित हुई है।

# विधायक देवेंद्र यादव को रायपुर कोर्ट में किया पेश



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**बलौदाबाजार हिंसा मामले में रायपुर जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को सोमवार को रायपुर की कोर्ट में पेश किया गया। दरअसल, साल 2013 में एनएसयूआई ने राजभवन का घेराव किया गया था, जिसमें पुलिस के साथ झूमाझटकी के हुई थी और संबंधित केस में यादव के खिलाफ परिवारद्ध दर्ज की गई थी।

इस मामले में पूर्व में सुनवाई के बाद देवेंद्र यादव को जमानत मिल चुकी है। सोमवार को रेगुलर पेशी के दौरान कोर्ट में पेश हुए थे। वही इस मामले में अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी। सुनवाई के बाद यादव को रायपुर के सेंट्रल जेल लेकर पुलिस की टीम रवाना हुई।

वहीं बलौदाबाजार हिंसा मामले में लगातार न्यायिक रिमांड बढ़ने के सवाल पर मीडिया ने बात की तो विधायक यादव ने कहा कि हम संविधान को मानने है, हमें पूरा विश्वास है कि हमें न्याय मिलेगा। अभी तक बलौदाबाजार मामले में चालान पेश नहीं हुआ है। चालान पेश होने के बाद हमें जरूर न्याय मिलेगा।

बलोदाबाजार हिंसा मामले में 17 अगस्त को भिलाई से देवेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया गया था, इसके बाद से लगातार उनकी न्यायिक रिमांड बढ़ रही है। वे रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद हैं।

विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी बलौदाबाजार हिंसा मामले में हुई है। उन पर हिंसा भड़काने का आरोप है। इस मामले में बलौदाबाजार पुलिस ने 4 बार नोटिस जारी किया, लेकिन विधायक ने बयान देने जाने से मना कर दिया था।

उन्होंने कहा था कि पुलिस को बयान लेना है, तो उनके पास आए और बयान लेकर जाए। हालांकि पूछताछ के लिए तीसरा नोटिस मिलने पर देवेंद्र यादव ने बलौदाबाजार जाकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात भी की थी।

# बिलासपुर सेंट्रल जेल में कैदियों के बीच गैंगवार, वर्चस्व की लड़ाई में भिड़ंत

## वर्चस्व की लड़ाई में भिड़ंत; हत्या आरोपी और ड्रग्स डीलर में पहले से दुश्मनी






**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर सेंट्रल जेल में दशहरा पर्व कर शाम कैदियों के बीच गैंगवार हो गई। वर्चस्व की लड़ाई के चलते एक विचाराधीन बंदी नवीन निर्मलकर पर चम्मच से बनाए हथियार से अन्य कैदियों ने हमला किया गया। उसे इलाज के बाद सुरक्षा के बहाने एक अलग सेल में डाला गया है।

जानकारी के मुताबिक, सेंट्रल जेल में हमलावर बदमाशों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नवीन नशे का सामान बेचने के आरोप में तीन दिन पहले ही जेल गया है। चौथे दिन उस पर अटैक हुआ है। आरोपी और हमलावर दोनों पर पहले से हत्या का केस दर्ज है। दोनों में दुश्मनी भी है।

**नशीली कफ सिरप केस में जेल गया था निर्मलकर:** दरअसल, सिरगिट्?टी थाने की पुलिस ने तीन दिन पहले नशीली कफ सिरप बरामद की थी। इस मामले के आरोपी नवीन निर्मलकर को गिरफ्तार जेल भेजा गया था। इसी बीच नवीन जेल में ही दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन से पहले दशहरा पर्व की शाम पूजा करने गया था।

इसी दौरान हत्या के केस में बंद विचाराधीन बंदी लोकेश तिवारी ने घात लगाकर अचानक कटनी (चम्मच को घिसकर बनाया गया हथियार) से नवीन पर हमला कर दिया। कैदियों की भिड़ंत देख बाकी बंदियों में भगदड़ मच गई। यह देख जेल प्रहरी मौके पर पहुंचे और नवीन को अलग सेल में शिफ्ट किया।

**पुराने विवाद का बदला लेने किया हमला:** बताया जा रहा है कि जेल में हत्या के केस में बंदी गणेश तिवारी का केस पार्टनर लोकेश तिवारी है। गणेश तिवारी ने चुचुहियापारा में पान ठेला संचालक की हत्या का आरोपी है। इस केस में उसका सगा भतीजा लोकेश तिवारी भी आरोपी है। गणेश तिवारी आए दिन जेल में वर्चस्व बनाने की कोशिश में लगा रहता है। कुछ समय पहले उसने एक कैदी पर हमला करने का प्रयास किया था।

**नवीन भी जेल की काट चुका है सजा:** वहीं, दूसरी ओर नवीन निर्मलकर पहले भी हत्या के मामले में अपने भाइयों के साथ जेल की सजा काट चुका है। तब गैंग चलाने के आरोप में उसका दुर्ग जेल ट्रांसफर हुआ था। जेल में उनकी पुरानी रंजिश थी। यह भी बताया जा रहा है कि लोकेश तिवारी और नवीन निर्मलकर की जेल के बाहर से दुश्मनी चल रही है। इसी पुरानी रंजिश के चलते लोकेश ने मौका पाकर नवीन निर्मलकर पर हमला कर दिया।

**जेल प्रशासन का संरक्षण:** बताया जा रहा है कि जेल में हत्या सहित अन्य गंभीर वारदातों में सजा काट रहे कैदियों का वर्चस्व चलता है, जिसमें लोकेश तिवारी भी शामिल है। विराट अपहरण कांड के एक कैदी को जेल प्रशासन का संरक्षण है, जो इन कैदियों के माध्यम से जेल में रंगदारी करता है।

**जेल अधीक्षक ने रिसीव नहीं किया कॉल:** वहीं इस संबंध में जानकारी लेने के लिए जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी से संपर्क किया गया। लेकिन, उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

# मनेंद्रगढ़ में दिव्यांग शिक्षक ने बैंक के सामने करवाया मुंडन



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मनेंद्रगढ़ में दिव्यांग शिक्षक ने बैंक के सामने पिता का पिंडदान किया। दिव्यांग शिक्षक पवन दुबे ने बताया कि 24 सितंबर को उनके पिता का देहांत हो गया था, उनके पिता के निधन के बाद हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार उन्होंने अंतिम संस्कार किया, जिसके बाद उन्हें कहीं आना-जाना मना था। इसी बीच, शिक्षक ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने निवेदन किया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और सितंबर माह का लोन न काटकर अगले महीने कटौती की जाए। लेकिन बैंक के प्रबंधक ने दिव्यांग शिक्षक के प्रार्थना पत्र को नजरअंदाज कर दिया और शिक्षक का वेतन काट लिया।

इस स्थिति ने दिव्यांग शिक्षक के लिए अपने पिता का अंतिम संस्कार संपन्न करना मुश्किल कर दिया। मानसिक और सामाजिक लाचारी के चलते शिक्षक पवन दुबे ने नाराज होकर बैंक के सामने अपने पिता की आत्मा की शांति के लिए मुंडन करवाया और वहीं पिंडदान भी किया।

# कैबिनेट बैठक में धान खरीदी की तारीख का हो सकता है ऐलान

## राज्योत्सव को लेकर अफसरों से जानकारी लेंगे सीएम



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** साय सरकार की कैबिनेट बैठक 16 अक्टूबर को होने जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। सभी मंत्री बुधवार की सुबह मंत्रालय पहुंचेंगे। इस बैठक में धान-मक्का खरीदी, राज्योत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा होगी।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक बैठक के बाद सरकार धान खरीदी की तारीखों का ऐलान कर सकती है। कुछ दिन पहले ही 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने का प्रस्ताव कैबिनेट की उप समिति ने भेजा था। खाद्य मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में की गई बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा की गई थी।

इस साल 160 लाख मीट्रिक धान खरीदने का अनुमान रखा गया है। बैठक धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू किए जाने पर बात हुई। मंत्रियों ने कहा कि राज्य मंत्री परिषद की बैठक में ही इसका अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बुधवार को इस पर सरकार फैसला स्पष्ट करेगी। कांग्रेस इसका विरोध कर रही है 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की बात कह रही है।

**विजन डॉक्यूमेंट पर होगी बात:** 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ सरकार विजन डॉक्यूमेंट जारी करेगी। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव अब नए नाम से जाना जाएगा। इसका नाम 'अमृतकाल- छत्तीसगढ़ विजन @2047' रखा जाएगा। इस डॉक्यूमेंट में 2047 तक छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कौन से सेक्टर में कौन से काम होंगे इसकी जानकारी होगी।

**पिछली कैबिनेट बैठक के फैसले:** पिछली कैबिनेट की बैठक 20 सितंबर को हुई थी। तब तय किया गया था कि शहरी विकास के लिए अलग से योजना बनाकर निकाय काम करेंगे। इसमें सरकारी स्तर पर टाउनशिप की प्लानिंग होगी। इस स्कीम से अतिक्रमण, अवैध निर्माण पर रोक लगाने का काम होगा। शहरी आबादी को सुविधाएं देने और उनकी समस्या दूर करने के काम होंगे। नगर विकास योजना में आवासीय, कॉमर्शियल और इंडस्ट्रियल यूज लैंड को लेकर नियम जारी होंगे।

पिछली बैठक में प्राधिकरणों के नियमों में बदलाव किया गया। छत्तीसगढ़ में 5 विकास प्राधिकरण हैं। हर प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। साथ ही दो मंत्रियों की जगह अब पूरा मंत्रिमंडल इसमें शामिल होगा। इसके अलावा जिस इलाके का प्राधिकरण है वहां के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद और जिला पंचायत अध्यक्ष को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

# बिलासपुर में सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत

बिलासपुर में पिछले दो दिन में हुए अलग-अलग हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 15 फीट गहरी खाई में ट्रैक्टर गिर गई, जिससे किसान की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। वहीं, ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता और बेटी की मौत हो गई।

दशहरा पर्व पर दोस्त के साथ घूमने निकली युवती की सड़क हादसे में जान चली गई। एक अन्य घटना में ट्रेलर की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। हादसा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई है।

जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा क्षेत्र के अमरताल निवासी आकाश अविनाशी (30) अपनी पत्नी रमला अविनाशी और पांच साल की बेटी श्रद्धा के साथ बाइक पर पचपेड़ी क्षेत्र के धुर्वाकारी ससुराल जा रहा था। अभी उनकी बाइक पकरिया मोड़ पर पहुंची थी। तभी सामने से आ रही ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे आकाश व उनकी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, पत्नी रमला गंभीर रूप से घायल है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, अनशन कर रहे 4 डॉक्टर आईसीयू में

कोलकाता। फेडरेशन ऑफ मेडिकल एसोसिएशन  ने राज्य भर के प्राइवेट और सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में दो दिन की हड़ताल शुरू की कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के विरोध में डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी है। 5 अक्टूबर से अनशन पर बैठे डॉक्टरों की सोमवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत के साथ बैठक हुई, जो बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। मीटिंग से बाहर आने के बाद पश्चिम बंगाल डॉक्टर्स फोरम के अध्यक्ष डॉ. कौशिक ने कहा, %कुछ नहीं हुआ, रिजल्ट जीरो। 10 दिन हो गए हैं, 4 डॉक्टर ढ्ढष्ट में हैं और एक बहुत बीमार है। हमने सरकार से उन प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से बात करने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने कहा कि वे देखेंगे, उन्हें अनुमति की आवश्यकता होगी। वे अहंकारी हो रहे हैं। उधर, फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन  ने आज से देशभर में दो दिन हड़ताल का आह्वान किया है। इस दौरा सिर्फ इमरजेंसी सर्विस चालू रहेंगीं। वहीं, आईएमए ने कहा कि कल देशभर में डॉक्टर्स सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक अनशन करेंगे। दरअसल, आरजी कर अस्पताल में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर किया गया था। 9 अगस्त को विक्टिम की बॉडी मिली थी। इसे लेकर डॉक्टरों ने 42 दिन तक प्रदर्शन किया था। मांगें नहीं माने जाने पर डॉक्टरों ने भूख हड़ताल शुरू की, जिसका आज 9वां दिन है।

## लॉरेंस डेढ़ साल से साबरमती जेल की हाईसिक्योरिटी में

अहमदाबाद। एनसीपी अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली है। गैंग का सरगना लॉरेंस पिछले डेढ़ साल से अहमदाबाद की साबरमती जेल की हाईसिक्योरिटी सेल में कैद है। इस जेल में आने के बाद से लॉरेंस आज तक बाहर नहीं निकला है। वहीं, पिछले डेढ़ साल में उससे मिलने भी कोई नहीं आया है। इस दौरान उसकी पेशी भुज जिले की नलिया कोर्ट में होनी थी, लेकिन उसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ही पेश किया गया। साबरमती जेल के दो हिस्से हैं। एक नई जेल और एक पुरानी जेल। लॉरेंस को पुरानी जेल के हिस्से में रखा गया है, उसमें 10 कमरे हैं। इनमें सिर्फ लॉरेंस ही रहता है। यह हिस्सा हाई सिक्योरिटी जोन कहा जाता है। यहां पेट्रोलिंग की टीम और गार्ड्स लगातार बदलते रहते हैं। लॉरेंस को एक कमरा दिया गया है, जिसमें बिस्तर लगा हुआ है। उसे जेल का ही खाना दिया जाता है। यहां किसी भी बाहरी व्यक्ति को आने की परमिशन नहीं है। अगर कैदी से उसके किसी परिचित को मिलना भी हो तो वह उससे वीडियो कॉन्फ्रेंस से ही बात कर सकता है। यहां तक कि कैदी के वकील को भी अंदर आने की परमिशन नहीं है।

## उद्धव ठाकरे अस्पताल में भर्ती

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की तबीयत बिगड़ने के बाद सोमवार को उन्हें मुंबई के रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हार्ट आर्टरीज में ब्लॉकेज की जांच हुई है। कहा जा रहा है कि 12 अक्टूबर को दशहरा रैली के बाद से ही उनकी तबीयत ठीक नहीं है। वहीं, शिवसेना  नेता और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने ङ्ग पर जानकारी दी- आज सुबह उद्धव ठाकरे जी ने सर एचएन रिलायंस अस्पताल में प्री-प्लांड चेकअप कराया। आपकी शुभकामनाओं के साथ सब ठीक है। वे काम करने और लोगों की सेवा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 2 बार हो चुकी है एंजियोप्लास्टी, 100 प्रतिशत ब्लॉकेज था 2012 में दो बार उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी हो चुकी है। 16 जुलाई, 2012 को सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें बांद्रा के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला था कि उनके हार्ट की तीन मेन आर्टरी में से दो में 100 प्रतिशत ब्लॉकेज था। इसके बाद डॉक्टर ने दो एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी थी। तब 20 जुलाई को पहली बार उनकी एंजियोप्लास्टी हुई थी। उनकी हार्ट आर्टरीज में आठ स्टेंट डाले गए थे। इसके बाद नवंबर, 2012 में दूसरी बार एंजियोप्लास्टी हुई। इस बार लेफ्ट एंटीरियर डिसेंडिंग  आर्टिलरी में ब्लॉकेज हटाने के लिए ऑपरेशन हुआ था। मेडिकल रिपोर्ट से पता चला था कि इस आर्टरी में करीब 60त्न तक ब्लॉकेज था।

# प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत-2047 को साकार करेगी खनन कॉन्क्लेव-मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी विकसित भारत-2047 के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए राज्य सरकार द्वारा 17-18 अक्टूबर 2024 को भोपाल में खनन कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। यह महत्वपूर्ण आयोजन राज्य में खनन, तेल, गैस और खनिज आधारित उद्योगों की व्यापक संभावनाओं को प्रदर्शित करेगा, जो विकास की रीढ़ के रूप में कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, खनिज संसाधनों से समृद्ध राज्य है और देश के खनन क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह देश का एकमात्र राज्य है जो हीरे का उत्पादन करता है साथ ही मैंगनीज और तांबा अयस्क के उत्पादन में भी अग्रणी है, जो विभिन्न औद्योगिक उपयोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा राज्य रॉक-फॉस्फेट उत्पादन में दूसरे, सीमेंट उद्योग के लिए आवश्यक चूना पत्थर उत्पादन में तीसरे और कोयला उत्पादन में चौथे स्थान पर है। कोल-गैस के उत्पादन में भी राज्य दूसरे स्थान पर है, जो वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों और स्थिरता की दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश सरकार राज्य को खनन और खनिज-आधारित उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनाने के लिये की पहल कर रही है। इससे राज्य में आर्थिक संमृद्धि और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सभी हितधारकों, उद्योगपतियों और खनन क्षेत्र के विशेषज्ञों को शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया है। खनन कॉन्क्लेव में केंद्रीय खनन मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री एस.सी. दुबे और सचिव केन्द्रीय खान मंत्रालय श्री वी.एल. कांता राव शामिल होंगे, जो राज्य में खनन क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिये केन्द्र सरकार की ओर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराऐंगे इस कार्यक्रम में 600 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी। इसमें एन.सी.एल, एच.सी.एल, एन.एम.डी.सी., ओ.एन.जी.सी., और जी.ए.आई.एल जैसी प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि और अन्य राज्यों के उद्योगपति शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि कॉन्क्लेव खनिज कंपनियों, उद्योग प्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाएगा, जिससे सहयोग और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। इस आयोजन का उद्देश्य मध्यप्रदेश के समृद्ध खनिज संसाधनों को प्रदर्शित करना है, जिससे राज्य में निवेश को आकर्षित किया जा सके। इसमें कोयला, चूना पत्थर, तेल और गैस, सहित अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की संभावनाओं पर चर्चा होगी। साथ ही खनन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ड्ढ) और मशीन लर्निंग की भूमिका पर भी जोर दिया जाएगा। इस आयोजन में डिजिटल परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा, और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें खनन कार्यों में ऑटोमेशन के साथ एआई और मशीन लर्निंग के उपयोग पर चर्चा होगी। कोल गैस  जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों की संभावनाओं का भी अन्वेषण किया जाएगा। सीमेंट, ऊर्जा, और खनिज-आधारित उद्योगों से संबंधित मुद्दों पर गहन चर्चा के लिए एक राउंड टेबल मीटिंग भी होंगी। कॉन्क्लेव में कई संस्थानों के साथ एमओयू भी होंगे, जो राज्य के खनन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए निवेश प्रस्तावों को औपचारिक रूप देंगे।

## मुख्यमंत्री को गौरंगी शर्मा ने भेंट की पेंटिंग



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को यूनिसेफ इंडिया यूथ कंटेंट क्रिएटर गौरंगी शर्मा ने निवास कार्यालय में स्वयं के द्वारा बनाई हुई पेंटिंग भेंट की। यह पेंटिंग मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किशोरी बालिकाओं में माहवारी स्वास्थ्य व स्वच्छता प्रबंधन के लिए की जा रही पहल पर केंद्रित है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेनिटेशन हाईजीन अन्तर्गत माहवारी प्रबंधन में सुविधा व सहायता के लिए हाल ही में प्रदेश की 19 लाख स्कूली छात्राओं के खातों में 57 करोड़ 58 लाख रुपए अंतरित किए थे।

## बाबा सिद्दीकी मर्डर का आरोपी बोला-बेटा जीशान भी था टारगेट



मुंबई। बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में सोमवार को मुंबई पुलिस ने बताया कि बेटा जीशान सिद्दीकी भी शूटर्स के निशाने पर था। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने इस बात को स्वीकार किया है। आरोपी ने बताया कि उन्हें बाबा सिद्दीकी और जीशान दोनों को गोली मारने के आदेश मिले थे, कहा गया था कि जो मिले उसे मार दो। कुछ दिन पहले जीशान को धमकी भी दी गई थी। पुलिस ने कुर्ला स्थित उस कमरे की भी छानबीन की, जहां आरोपी एक महीने तक ठहरे थे। यहीं पर मर्डर की साजिश रची गई। 13 अक्टूबर को ही यह खुलासा कर दिया था कि जीशान सिद्दीकी भी निशाने पर थे। एक फोन कॉल की वजह से बच गए नहीं तो उनकी भी जान जा सकती थी। केस में अब तक 6 आरोपियों धर्मराज, शिव कुमार, गुरमेल, जीशान अख्तर, शुभम लोनकर और प्रवीण लोनकर के नाम सामने आए हैं। धर्मराज, गुरमेल और प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया गया है। धर्मराज और गुरमेल को 13 अक्टूबर को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां धर्मराज ने कोर्ट से कहा था कि वो नाबालिग है। बोन टेस्ट में उसका ये दावा खारिज हो गया। गुरमेल के अलावा प्रवीण लोनकर को पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। बाबा सिद्दीकी मर्डर की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली है।

## वक्फ बिल पर जेपीसी बैठक से विपक्ष का वॉकआउट

नई दिल्ली। वक्फ बिल पर बनी ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की सोमवार को हुई बैठक का विपक्षी सांसदों बहिष्कार कर दिया। साथ ही स्पीकर को चिठ्ठी लिखकर कमेटी के चेयरपर्सन जगदंबिका पाल को हटाने की मांग की। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए स्पीकर से समय भी मांगा है। सांसदों का आरोप है कि कमेटी की कार्यवाही तय नियम के हिसाब से नहीं हो रही है। सांसदों ने कहा- कर्नाटक माइनॉरिटी कमीशन के पूर्व चेयरपर्सन अनवर मणिप्पाडी ने एक प्रेजेंटेशन दी, लेकिन यह बिल से जुड़ी न होकर कर्नाटक सरकार और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को बदनाम करने के लिए थी। दरअसल, अनवर ने अपनी प्रेजेंटेशन में उन नेताओं का जिक्र किया, जिन पर वक्फ संपत्ति हड़पने का आरोप है। इसमें खड़गे का भी नाम था। विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया। दरअसल, मार्च, 2012 में वक्फ के 2.3 लाख करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाने वाली मणिप्पाडी कमेटी ने तत्कालीन सीएम सदानंद गौड़ा को अपनी रिपोर्ट दी थी। वक्फ (संशोधन) बिल 8 अगस्त को लोकसभा में पेश किया गया था

# राहुल गांधी ने महाराष्ट्र कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की



मुंबई। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को महाराष्ट्र कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक में उन्होंने विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया। मीटिंग में महाराष्ट्र कांग्रेस चीफ नान पटोले, विजय वडेट्टीवार, पृथ्वीराज चव्हाण, बालासाहेब थोराट, वर्षा गायकवाड़ और रमेश चेन्नितला शामिल हुए। इस बैठक की डिटेल अभी सामने नहीं आई है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक बैठक में शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद पवार) के साथ सीट-बंटवारे को लेकर हुई चर्चाओं, पार्टी के अभियान और विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की समीक्षा की गई। यह बैठक इसलिए अहम रही क्योंकि हाल ही में कांग्रेस को हरियाणा में चुनावी हार का सामना करना पड़ा है। हरियाणा चुनाव में हार को लेकर राहुल गांधी ने नेताओं के प्रति नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में नेताओं का इंटरेस्ट ऊपर रहा, इस कारण से पार्टी का इंटरेस्ट नीचे चला गया।

पार्टी 100-110 पर चुनाव लड़ सकती है महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटें हैं। सूत्रों के मुताबिक, इनमें से लगभग 100-110 सीटों पर ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। हालांकि ऐसी जानकारी सामने आई थी कि कांग्रेस में टिकट पाने के लिए 1800 से ज्यादा एप्लिकेशन आई हैं। इस बार विदर्भ और मराठवाड़ा इलाके से सबसे ज्यादा लोगों ने एप्लिकेशन फाइल किया है।

## 3 फ्लाइट-एक ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। मुंबई से उड़ने वाली तीन फ्लाइट में सोमवार (14 अक्टूबर) को बम की धमकी दी गई। पहली फ्लाइट मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की है। सूचना मिलते ही विमान को दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। विमान फिलहाल दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़ा है। विमान में 239 पैसेंजर्स सवार हैं।दूसरी फ्लाइट इंडिगो की 6यूके-1275 है, यह मुंबई से मस्कट जाने वाली थी। तीसरी फ्लाइट इंडिगो की 6यूके 56 है। यह मुंबई से जेद्दाह जाने वाली थी। इन दोनों विमानों को आइसोलेशन बे में रखकर जांच की जा रही है। सभी पैसेंजर्स को फिलहाल विमान से उतार दिया गया है। इधर, मुंबई-हावड़ा मेल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। पिछले 5 दिनों में फ्लाइट में बम की धमकी का यह दूसरा मामला है।

## मणिपुर हिंसा के बाद कुकी-मैतेई पहली बार बैठक करेंगे

नई दिल्ली। पिछले एक साल से मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के बीच 15 अक्टूबर को कुकी और मैतेई समुदाय पहली बार बातचीत करने जा रहे हैं। गृह मंत्रालय की तरफ से नई दिल्ली में होने वाली बैठक में दोनों समुदाय के नेता और विधायक शामिल होंगे ताकि शांति से हिंसा का समाधान निकाला जा सके। बैठक में मैतेई समुदाय के नेता थोंगम बिस्वजीत, स्पीकर थोकचोम सत्यब्रत, थोउनाओजम बसंतकुमार, खोंगबंतबाम इबोमचा, डॉ. सपाम रंजन, थोकचोम राधे-श्याम और टोंगब्रम रॉबिन्ड्रो शामिल होंगे। वहीं कुकी समुदाय के नेताओं में लेटपाओ हाओकिप, पाओलिएनलाल हाओकिप, हाओखोलेट किपगेन रहेंगे । इस चर्चा में नागा विधायकों और मंत्रियों में अवांगबो न्यूमई, एल. दिखो और राम मुइवा भी मौजूद रहेंगे। मणिपुर में जातीय हिंसा 3 मई 2023 को शुरू हुई थी। इसके 16 महीने बीत चुके हैं। इस दौरान 226 लोगों की मौत हो चुकी है। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़ चुके हैं।

# गुजरात से 5 हजार करोड़ की 518 किलो कोकीन जब्त



गांधीनगर/नई दिल्ली। गुजरात के अंकलेश्वर के अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी के गोडाउन से रविवार रात 518 किलो कोकीन जब्त की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 5000 करोड़ रुपए है। दिल्ली-गुजरात पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में मौके से 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह कोकीन उसी इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़ी है, जिसकी 2 बड़ी खेप दिल्ली से 2 अक्टूबर और 10 अक्टूबर को छापेमारी के दौरान पकड़ाई थीं।

पुलिस ने बताया कि अब तक इस सिंडिकेट की कुल 1289 किलो ड्रग्स जब्त की गई है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 13 हजार करोड़ रुपए है। इस सिंडिकेट से जुड़े कुल 12 लोग अब तब गिरफ्तार हो चुकी है, जिनमें से 7 को दिल्ली की पिछली 2 रेड के दौरान हिरासत में लिया गया था। दुबई से ऑपरेट हो रहे इस सिंडिकेट के मास्टरमाइंड की पहचान विरेंदर बसोया के रूप में हुई है। इसके दुबई में कई बिजनेस हैं। पुलिस ने बसोया के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक पूरे देश में आज तक कभी इतनी बड़ी मात्रा में कोकीन नहीं जब्त की गई है। पिछले 12 दिनों की ये 3 रेड अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है। सिंडिकेट के मेंबर को कोड नेम दिए गए थे पुलिस ने बताया कि इस सिंडिकेट के जुड़े ज्यादातर मेंबर एक दूसरे को नहीं जानते थे। वे सोशल मीडिया के जरिए कोऑर्डिनेट करते थे। कम्युनिकेशन के लिए हर मेंबर को एक-एक कोड नेम दिया गया था। इसके अलावा पुलिस को आशंका है कि ड्रग्स की यह खेप साउथ अमेरिकी देशों से समुद्री रास्ते से गोवा लाई गई थी। इसके बाद इसे दिल्ली लाया गया। दिल्ली पुलिस 2 महीने से प्लानिंग कर रही दिल्ली-गुजरात में कोकीन जब्ती का इसे अब तक का सबसे बड़ा केस माना जा रहा है। पुलिस इस सिंडिकेट का पता लगाने के लिए पिछले दो महीने से काम कर रही थी। तब पुलिस को ड्रग्स सप्लाई का इनपुट मिला था। ये तस्कर इस ड्रग को दिल्ली और एनसीआर में खपाने की कोशिश में थे। अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को बधाई दी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने कहा, %मैं दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त करने के सफल अभियानों की श्रृंखला के लिए बधाई देता हूं, जिसमें हाल ही में गुजरात पुलिस द्वारा 5,000 करोड़ रुपए की कोकीन बरामद करना भी शामिल है। ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा।%

## पाकिस्तान की हार पर आग बबूला हुए शोएब अख्तर

**ढाका ( एजेंसी )।** पहले बांग्लादेश और अब इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान को शर्मनाक हार मिली है। वहीं पाकिस्तान की इस हार के बाद पाकिस्तानी दिग्गजों ने अपना संयम खो दिया है।

लाइव टीवी शो में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने जमकर उनकी क्लास लगाई। अख्तर ने पीटीवी स्पोर्ट्स पर लाइव चर्चा के दौरान कहा कि, जो बोएंगे वही काटेंगे। टीम में दर्शकों से मैंने गिरावट ही देखी है। हालात बहुत निराशाजनक है। हराना ठीक है, लेकिन मैच करीबी होना चाहिए। हालांकि, पिछले दो दिनों में हमने जो देखा, उससे पूरी तरह से उम्मीदें टूट गई हैं। इससे पता चलता है कि हम अच्छा नहीं कर सक रहे हैं। इंग्लैंड ने 800 से ज्यादा रन बनाए और बांग्लादेश ने भी आपको हराया। अख्तर ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि, फैंस कह रहे हैं कि पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट खेलना बंद कर देना चाहिए। मैंने कुछ कमेंट्स देखे, आईसीसी सोच रहा होगा कि क्या हमें पाकिस्तान में टीमें भेजनी चाहिए और उनका टेस्ट दर्जा बरकरार रखना चाहिए। ये बहुत निराशाजनक है। इससे पाकिस्तान क्रिकेट, फैंस और उभरती प्रतिभाओं को नुकसान पहुंचेगा। मैं पीसीबी से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह इस गड़बड़ को सही करें।

# गंभीर मौके पर टीम इंडिया को गौतम ने दिलाई जीत





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आज यानी की 14 अक्तूबर को टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर अपना 43वां जन्मदिन मना रहे हैं। गंभीर की कोचिंग में भारतीय क्रिकेट टीम कई नए इतिहास रचने को तैयार हैं। गौतम गंभीर भारतीय टीम को एक नए मुकाम पर पहुंचाने की कोशिश में लगे हैं। न सिर्फ क्रिकेट की दुनिया में अपना परचम लहराने वाले गौतम गंभीर दिल्ली से भाजपा के सांसद भी रह चुके हैं। हालांकि भारत के हेड कोच बनने के लिए गंभीर ने इस पद से रिजाइन दे दिया था। इस समय उनका फुल फोकस भारतीय टीम की परफेक्ट कोचिंग में हैं। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर पूर्व बल्लेबाज और मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में... बता दें कि क्रिकेटर ने महज 10 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरूकर दिया था। उन्होंने सिर्फ 22 साल की उम्र में भारतीय टीम के लिए खेलना शुरूकर दिया था। साल 2003 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे मैच से अपने करियर की शुरूआत की थी। साल 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच से डेब्यू किया था। गौतम गंभीर बाएं हाथ के ओपनर हैं। जिन्होंने 147 टेस्ट में 11 शतकीय पारी की मदद से 5238 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी 206 रन की पानी सबसे यादगार रहे। गंभीर ने 58 वनडे खेले हैं और इस फॉर्मेट में उनके 4,154 रन हैं। इस फॉर्मेट में क्रिकेटर ने 9 शतक और 22 अर्धशतक जड़े हैं। गंभीर ने 37 टी20 में कुल 932 रन बनाए। इसके अलावा साल 2007 के विश्व कप में गौतम गंभीर ने पाकिस्तान के खिलाफ 75 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली थी। टी20 वर्ल्ड कप 2007 के दौरान गौतम गंभीर ने बेहद शानदार पारी खेली थी। पाक के खिलाफ फाइनल मैच में गंभीर ने 75 रन की पारी खेली थी। जिसके कारण भारतीय टीम 20 ओवर में 157 रन बनाने में सफल रही थी। इस दौरान भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर पहली बार हुए टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम करने का काम किया था। इस मैच में गंभीर की पारी को सबसे यादगार पल माना जाता है। भले ही साल 2011 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में महेंद्र सिंह धोनी को विनिंग सिक्स के लिए काफी सराहना मिली थी। लेकिन इस मैच में गंभीर की पारी को भी भुलाया नहीं जा सकता है। गौतम गंभीर ने वर्ल्ड कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी कर 97 रन बनाए थे। गंभीर 3 रन से शतक बनाने से चूक गए थे। लेकिन उनकी पारी से ही भारतीय टीम अपना लक्ष्य हासिल करने में सफल रही थी। भारत के बतौर हेड कोच गंभीर काफी शानदार दिख रहे हैं। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट और टी20 सीरीज खेली है, इस दौरान टीम इंडिया ने दोनों ही फॉर्मेट में बांग्लादेश टीम का सूपड़ा साफ कर दिया। गौतम गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम अपना लगातार शानदार खेल दिखा रही है।

## भारतीय हॉकी टीम की पूर्व कोच यानेक शॉपमैन लौटीं भारत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। इसके बाद टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने हॉकी इंडिया के माहौल को लेकर काफी कुछ कहा। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत में औरतों की बातों की अहमियत नहीं है। अब वही शॉपमैन भारत लौट आई हैं। एक बार फिर कोचिंग स्टाफ का हिस्सा लेंगी लेकिन इस बार भारतीय टीम के डगआउट में नजर नहीं आएंगी। हॉकी इंडिया लीग में रविवार को पुरुष टीमों ने बोली लगाई। ऑक्शन के दौरान हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ भी मौजूद थे। इस दौरान यानेक शॉपमैन भी ऑक्शन रूम में दिलाई दी। वह 15 अक्टूबर को ओडिशा महिला टीम की टेबल पर भी नजर आ सकती है। उन्हीं लोगों के बीच जिन पर उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाए थे और फिर भारत छोड़कर चली गई थीं। शॉपमैन ओडिशा की महिला टीम का हिस्सा हैं। उन्हें बतौर टेक्निकल डायरेक्टर टीम से जोड़ा गया है। इसी जिम्मेदारी के लिए शॉपमैन वापस आई हैं। ओडिशा वही राज्य है जहां शॉपमैन आखिरी बार महिला टीम के साथ नजर आईं। भारतीय महिला टीम ने उनके कोच रहते हुए ओडिशा में ही ओलंपिक क्वालिफायर खेला था। भारत टॉप 3 में नहीं पहुंचा और पेरिस का टिकट हाथ से निकल गया। बता दें कि, शॉपमैन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

## बेटी सारा के जन्मदिन पर सचिन तेंदुलकर ने अनदेखी तस्वीर शेयर किया भावुक पोस्ट



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सचिन ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर कीं, जहां पहली तस्वीर में सारा बहुत छोटी सी उनकी गोद में बैठी हुई हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में वह सारा के साथ सोफे पर बैठे हुए हैं जहां उनके दो पालतू कुत्ते भी दिख रहे हैं

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर 12 अक्टूबर को अपना 27वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर सचिन ने बेटी की अनदेखी तस्वीर शेयर कर दिल छूने वाला कैप्शन लिखा। वहीं भाई अर्जुन ने भी बहन के लिए पोस्ट किया। बता दें कि, सचिन ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर कीं, जहां पहली तस्वीर में सारा बहुत छोटी सी उनकी गोद में बैठी हुई हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में वह सारा के साथ सोफे पर बैठे हुए हैं जहां उनके दो पालतू कुत्ते भी दिख रहे हैं। सचिन ने कैप्शन में लिखा कि, एक छोटे से वंड से लेकर एक वंडरफुल और तक, तुमने मुझे हमेशा एहसास दिलाया है कि मैं कि कितना लकी हूं कि तुम मेरी जिंदगी में हो। तुम्हारी वजह से मेरा दिल प्यार से भर जाता है। जन्मदिन मुबारक सारा। सचिन के साथ भाई अर्जुन ने भी बहन सारा को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है जिसमें वो सारा के साथ नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि, जन्मदिन मुबारक सारा।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। ग्रीन को अपनी रीढ़ की हड्डी की सर्चरी करानी होगी और पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण वह कम से कम 6 महीने तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। इसका मतलब है कि वह केवल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ही नहीं बल्कि श्रीलंका दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। वह इंडियन प्रीमियर लगी 2025 से भी बाहर हो सकते हैं। इस बीच इंडिया ए के खिलाफ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित हो गई है। युवा खिलाड़ी सैम कोंस्टास इस महीने के आखिरी में इंडिया ए के खिलाफ होने वाले मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम में चुने गए हैं। इसके साथ ही वह टेस्ट टीम में चुने जाने की रेस में आ गए हैं। नेशनल सिलेक्शन पैनल ने सोमार को दो चार दिवसीय मुकाबलों के लिए 17 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की। भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के मद्देनजर सीरीज अहम है। ग्रीन के चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के टॉप 6 में जगह खाली है। ऑलराउंडर के उपलब्ध न होने पर स्टीव स्मिथ नंबर 4 पर खेलते दिख सकते हैं। उस्मान ख्वाजा को नया ओपनिंग पार्टनर मिल सकता है। वैसे भी ऑस्ट्रेलिया टीम मैनेजमेंट स्मिथ को फिर से नंबर 4 पर खिलाने का विचार हो रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय करियर को कहेंगी अलविदा, इस दिन करेंगी ऐलान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल जल्द ही अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। बता दें कि, रानी लंबे समय यानी की 3 साल से टीम इंडिया से बाहर हैं। वहीं कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह भारत-जर्मनी मैच के दौरान अपने फैसले का ऐलान कर सकती हैं। रानी रामपाल ने 2008 में भारत के लिए डेब्यू किया था। जहां उन्होंने 254 मैचों में 120 गोल अपने नाम किए हैं। साथ ही 2018 में हुए एशियन गेम्स में सिल्वर और 2014 के एशियाड में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम का भी अहम हिस्सा थीं। इसके अलावा रानी रामपाल की कप्तान में भारतीय महिला हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में चौथा हासिल किया था टीम पदक से चूक गई थी। ओलंपिक के बाद उस दौरान के कोच श्योर्ड मरीन्ये अपने पद से हट गए थे और उनकी जगह यानेक शॉपमैन जिम्मेदारी संभाली थी। ऐसा माना जाता है कि यानेक और रानी के बीच रिश्तों में कुछ नोकझोंक थी। उस दौरान रानी रामपाल चोट से भी जूझ रही थीं, शायद ये वजह थी कि साल 2022 में गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों में 6 मुकाबलों में 18 गोल करने के बावजूद उनकी टीम इंडिया में वापसी नहीं हुई।

## सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड पर जो रूट की नजर




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इन दिनों जो रूट अपने बल्ले से गर्दा उड़ा रहे हैं, दुनिया का हर एक बल्लेबाज ऐसी ही फॉर्म की चाह रखता है। वो इस साल टेस्ट मैचों में 65 से ज्यादा के औसत से रन बना रहे हैं और महज 12 मैचों में 1,248 रन बना चुके हैं। इसी फॉर्म के आधार पर अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि रूट कुछ ही समय में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ देंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में 262 रनों की शानदार पारी खेल चुके जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 12,664 रन बना लिए हैं। एक ब्रिटिश मीडिया चैनल अनुसार जो रूट ने कहा कि, मैं अभी कुछ नहीं कह सकता वो आंकड़ा अभी मुझसे कुछ दूर नजर आता है। रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हैरी ब्रूक के साथ मिलकर 454 रन की पार्टनरशिप की थी जिसके दम पर इंग्लैंड वह मुकाबला पारी और 47 रनों से जीत गया था। जो रूट अब तक 147 टेस्ट मैचों में 12664 रन बना चुके हैं। दूसरी ओर सचिन तेंदुलकर ने 200 टेस्ट मुकाबलों में 15,921 रन बनाए थे। रूट अभी भारत के इस महान बल्लेबाज से 3,257 रन दूर हैं और इस फासले को कम करने में अभी रूट को करीब 3 साल और टेस्ट क्रिकेट खेलना पड़ सकता है। ये भी बताते चलें कि साल 2020 से पहले जो रूट ने 9 साल टेस्ट क्रिकेट खेलने के बाद 17 शतक लगाए थे, लेकिन कोरोना के खत्म होने के बाद उन्होंने जैसे शतक बनाने और रन बनाने के मामले में सबसे आगे निकलने का लक्ष्य बनाया है।

# अगर ऑस्ट्रेलिया से टीम इंडिया हार गई तो हो जाएगी मुश्किल



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम से है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को शारजाह में मैच खेला जाएगा, जो की भारतीय टीम के लिए बेहद अहम है। अगर ऑस्ट्रेलिया ने मैच जीता तो टीम इंडिया के लिए मुश्किल हो जाएगी। ऐसी स्थिति में समझिए सेमीफाइनल में पहुंचने का पूरा समीकरण। ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया टॉप पर है। उसने तीन मैच खेले हैं और सभी जीते हैं और 6 पॉइंट्स लेकर बैठी है। अगर कंगारू टीम ने भारत को हरा दिया तो सेमीफाइनल में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। अगर टीम इंडिया ने जीत हासिल की तो उसकी उम्मीदें भी सेमीफाइनल में पहुंचने की होगी। भारत को बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी, इससे नेट रन रेट ऑस्ट्रेलिया से बेहतर हो जाएगा। भारत के पास अभी भी 4 पॉइंट्स हैं, जो कि ऑस्ट्रेलिया से कम हैं। लेकिन अगर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया तो फिर टीम इंडिया की दिक्कतें बढ़ जाएंगी। जिस कारण उसे न्यूजीलैंड-पाकिस्तान के मैच पर निर्भर रहना होगा। भारत को उम्मीद करनी होगी की न्यूजीलैंड, पाकिस्तान को हरा दे। न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं, उसके पास 2 पॉइंट्स हैं। वहीं नेट रन रेट भी माइनस में है, पाकिस्तान का आखिरी मैच बचा है उसके पास भी 2 पॉइंट्स हैं। हालांकि, श्रीलंकाई टीम पहले ही एलिमिनेट हो चुकी है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया और जीत का अंतर ज्यादा नहीं रहा तो भी टीम इंडिया की दिक्कतें कम नहीं होगी। भारत को जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के नेट रन रेट को क्रॉस करना होगा। इसके लिए टीम इंडिया को बड़ी जीत की जरुरत है।

## मैंने दबाव और असफलताओं से निपटना सीख लिया है-संजू सैमसन



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि उन्होंने शीर्ष स्तर की क्रिकेट में दबाव और असफलताओं के साथ जीना सीख लिया है तथा उन्होंने टीम प्रबंधन का भी आभार व्यक्त किया जिसने उन्हें विषम परिस्थितियों से बाहर निकलने और खुद को साबित करने के लिए एक और मौका दिया। सैमसन ने अपनी योग्यता के साथ पूरा न्याय करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा लेकिन इससे पहले का उनका सफर अच्छा नहीं रहा था। वह श्रीलंका के खिलाफ दो मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती दो मैच में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। सैमसन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,''श्रीलंका के खिलाफ दो मैच में खाता नहीं खोलने के बाद मुझे अगली श्रृंखला में मौका मिलने को लेकर थोड़ा संदेह था। लेकिन उन्होंने (कोचिंग स्टाफ और कप्तान) मुझ पर भरोसा बनाई रखा। वे कहते रहे कि वे समर्थन करना जारी रखेंगे।'' इस 29 वर्ष के खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि भारत की तरफ से खेलते हुए आप दबाव से मुक्त नहीं हो सकते। उन्होंने कहा,''मुझे लगता है कि एक भारतीय क्रिकेटर के रूप में मानसिक रूप से आप बहुत कुछ झेलते हैं, खासकर इस प्रारूप (टी20) में। लेकिन मैंने दबाव और असफलताओं से निपटना सीख लिया है। मुझे लगता है कि इसका काफी श्रेय ड्रेसिंग रूम, नेतृत्व समूह, कप्तान और कोच को जाना चाहिए जिन्होंने मेरा समर्थन करना जारी रखा।'' सैमसन ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उन्हें बांग्लादेश श्रृंखला के दौरान सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने के टीम प्रबंधन के फैसले के बारे में पहले ही बता दिया था। उन्होंने कहा,''मैं भाग्यशाली था कि गौतम भाई, सूर्यकुमार (यादव) और अभिषेक नायर (सहायक कोच) ने तीन सप्ताह पहले ही मुझे सूचित कर दिया था कि बांग्लादेश के खिलाफ मैं पारी की शुरुआत करूंगा। इससे मुझे उचित तैयारी करने में मदद मिली।'' सैमसन ने कहा,''इसके बाद मैं राजस्थान रॉयल्स अकादमी में गया और मैंने वहां नई गेंद के गेंदबाजों के खिलाफ जमकर अभ्यास किया। इससे मुझे मदद मिली। मुझे लगता है कि मैं इस श्रृंखला में किसी भी अन्य श्रृंखला की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक तैयार होकर आया था।''

सैमसन ने कहा कि अपनी भूमिका को लेकर स्पष्टता से उन्हें अपने खेल को लेकर अधिक जागरूकता हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा,''मैं अपने खेल को अच्छी तरह से समझता हूं कि मैं एक से लेकर छह नंबर तक किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकता हूं। मेरे पास बड़े शॉट लगाने के लिए जरूरी ताकत है और मेरी टाइमिंग भी अच्छी है। इसलिए यह सब मेरी भूमिका के अनुसार तैयारी करने से जुड़ा हुआ है।''

सैमसन ने कहा,''जब आप असफलताओं का सामना करते हैं तो यह कहना आसान होता है कि अगले मैच में मैं रन बनाऊंगा। लेकिन मैं जानता हूं कि मैं किस तरह का व्यक्ति हूं। मुझे अपनी तरह से सफल या असफल होना पसंद है। यह सब खुद के प्रति ईमानदार होने से जुड़ा है।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर फोकस करें-कलेक्टर




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर फोकस कर अधिकाधिक प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में होने वाला समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 28 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के आखिरी सोमवार को नियमित रूप से होगा। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम राहुल सिलाडिया, एपी द्विवेदी, एलआर जांगड़े, सुधीर बेक, अधीक्षक यंत्री विद्युत पीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि जिले में इस सप्ताह 14172 शिकायतें लंबित हैं, यह बहुत बड़ी संख्या है। वर्तमान में सतना का रैंक 12वें में स्थान पर है। आगामी 20 अक्टूबर को ग्रेडिंग होगी। सभी विभाग अपने यहां लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। ताकि ग्रेडिंग के अंतिम समय तक जिले का स्थान ऊपर बना रहे। उन्होंने बताया कि 15 और 16 अक्टूबर को महामहिम राज्यपाल का चित्रकूट प्रवास रहेगा। इस दौरान उनके कार्यक्रमों में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। दीपावली के अवसर पर 5 दिवसीय चित्रकूट मेला रहेगा। मेले के दौरान 25-30 लाख लोग चित्रकूट आते हैं। सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित व्यवस्थाएं पूरी कर लें। दीपावली मेले में जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वह सभी अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सड़क निर्माण से संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि बरसात खत्म होने के बाद सभी अपने विभाग की सड़कों की मरम्मत इत्यादि कर सड़कें दुरुस्त करायें। राजस्व अधिकारी नक्शा विहीन ग्रामों के नक्शा बनाने के कार्य पर फोकस करें। अभी तक 893 गांवों में से 631 गांवों की टुअथिंग हुई है। शेष गांवों की शीघ्र पूर्ण करायें। एमपीएसईडीसी ने 218 नक्शे प्रदाय किए हैं। उन्होंने कहा कि उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों का सत्यापन अत्यंत कम है, सत्यापन की गति बढ़ाएं। बताया गया कि 49 हजार 823 किसानों ने धान का पंजीयन कराया है। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन, खाद्यान्न वितरण एवं खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा भी की।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में किया गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ आरती सिंह, आरती यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी लंबित सभी सीमांकन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतें एवं निराकरण, आगामी त्यौहारों पर कानून व्यवस्था की समीक्षा, दाण्डिक प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीमांकन के जितने भी प्रकरण लंबित हैं। उन सभी प्रकरणों का सीमांकन प्राथमिकता से किया जावे। कोई प्रकरण लंबित नही रहना चाहिये। बैठक में आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए सभी एसडीएम व राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर देखे कि कोई भी अवैध या बिना लाइसेंस के पटाखों का निर्माण और विक्रय नहीं करें, इसका ध्यान रखें। आगामी समाधान में चयनित शिकायतों से संबंधित नामांतरण, बंटवारा एवं लंबित शिकायतों का परीक्षण कर निराकरण करने की कार्यवाही की जावे। उन्होंने बताया कि आगामी राजस्व अधिकारियों की बैठक अनुभाग स्तर पर ली जावेगी। बैठक में राजस्व विभाग अंतर्गत आरसीएमएस पोर्टल, राजस्व आदेशों का राजस्व अभिलेखों, खसरों और नक्शा में अमल, नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शे में तरमीम, समग्र ई-केवायसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान, स्वामित्व योजना, धारणाधिकार, फार्मर रजिस्ट्री, डिजीटल क्रॉप सर्वे आदि से संबंधित विस्तार से समीक्षा की गई।

## मातृशक्ति स्वस्थ्य होंगी तो पूरा परिवार स्वस्थ्य रहेगा-प्रतिमा बागरी





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि मातृ शक्ति जब स्वस्थ्य और सशक्त होगी तो पूरा परिवार भी स्वस्थ्य रहेगा। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी सोमवार को ग्राम पंचायत भवन शिवराजपुर और जनपद नागौद में आयोजित मैदानी स्तर के स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के कार्यकर्ताओं के स्वास्थ्य जांच शिविर को संबोधित कर रही थी।

राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की पहल पर मैदानी स्तर की महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य और पोषण की सेवा देने वाली विभागीय महिला कार्यकर्ताओं की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर लगाये जा रहे हैं। रैगांव विधानसभा में सोहावल, कोठी, शिवराजपुर, नागौद के अलावा इस तरह के शिविर रैगांव और सिंहपुर में भी लगाये जायेंगे। राज्यमंत्री ने कहा कि महिलायें किसी भी परिवार की महत्वपूर्ण धुरी होती है। वह अपने पोषण और स्वास्थ्य की चिंता किये बगैर परिवार के प्रत्येक सदस्य का ख्याल रखती है। मैदानी क्षेत्र पर कार्य करने वाली एएनएम, आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अन्य विभागों की महिला कार्यकर्तायें जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सेवा कार्य में रहती है। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय की आम बीमारी ब्लड प्रेसर, सुगर, एनीमिया सहित ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओरल कैंसर की प्राथमिक जांच की सुविधा इन शिविरों में दी जा रही है। राज्यमंत्री ने कहा कि इन तीन प्रकार के कैंसर की जानकारी प्राथमिक स्टेज में हो जाने से इनका उपचार और निदान भी किया जा सकता है। उन्होंने सभी मैदानी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं से इन शिविरों में उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच की सुविधा का लाभ उठाने की अपील भी की। जनपद पंचायत नागौद और शिवराजपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर महिला कर्मियों यथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ताओं सहित समस्त महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कुशल चिकित्सकों द्वारा किया गया। इसी तरह आगामी समय में भी विधानसभा के अलग-अलग स्थानों में "निः शुक्ल स्वास्थ्य जांच शिविर" का आयोजन किया जायेगा। राज्यमंत्री ने सभी माताओं-बहनों से अपील की है कि शिविर में सम्मिलित होकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ अवश्य लें।

# कृषि विकास के लक्ष्यों की पूर्ति नहीं हुई तो होगी कार्यवाही

### कमिश्नर कार्यालय में हुई कृषि आदान की समीक्षा




**मीडिया ऑडीटर, रीवा /सतना (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कृषि आदान की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि आगामी 24 अक्टूबर को कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन सहित अन्य विभागों की समीक्षा करेंगे। बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की पूरी जानकारी दो दिवस में प्रस्तुत कर दें। गत वर्ष की बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन संतोषजनक नहीं है। कृषि विकास के लिए जो निर्देश दिए गए थे उनके पालन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने कस्टम हायरिंग सेंटर के उपकरणों के उपयोग के संबंध में भ्रामक जानकारी देने पर संभागीय एग्रीकल्चर इंजीनियर शरद कुमार नारनौरे को निलंबित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि खेती को आधुनिक बनाने के लिए नवीन सूचना तकनीक का लगातार उपयोग किया जा रहा है। गत वर्ष की बैठक में कृषि तथा उससे जुड़े विभाग के अधिकारियों को दामिनी एप एवं आईएमडी मौसम एप अपने मोबाइल में डाउनलोड करने तथा किसानों को भी डाउनलोड कराने के निर्देश दिए गए थे। कृषि विभाग तथा पशुपालन विभाग के ग्राम स्तर तक के सभी अधिकारी और कर्मचारी दो दिवस में इन दोनों एप को अपलोड कर लें साथ ही सभी आरएईओ 15 दिनों में कम से कम सौ किसानों के मोबाइल में इसे डाउनलोड करें। उप संचालक इसकी रिपोर्ट संकलित कर प्रस्तुत करें। साथ ही इन दोनों मोबाइल एप का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। नरवाई को जलाने से रोकने के लिए किसानों को जागरूक करें। नरवाई जलाने वाले किसानों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर जुर्माने की कार्यवाही करें। साथ ही नरवाई को खाद में बदलने के लिए सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर जैसे उपकरणों के उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। कमिश्नर ने कहा कि सीधी और सिंगरौली जिले में कोदौ, मक्का, ज्वार आदि मोटे अनाजों का अच्छा उत्पादन होता है। इन किसानों को मिलेट प्रोत्साहन योजना का लाभ दें। किसानों को डीएपी के स्थान पर तरल डीएपी तथा एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फेट के खाद के उपयोग के लिए भी जागरूक करें। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाएं। विकासखण्डों में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला शुरू करने के लिए सभी कार्यवाहियाँ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरी करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी पशु चिकित्सा अधिकारी बेसहारा गौवंश को गौशालाओं में व्यवस्थित कराने के लिए विशेष प्रयास करें। पशुओं के टीकाकरण, दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार एवं दूध उत्पादन बढ़ाने के अन्य प्रयासों की भी नियमित समीक्षा करें। कमिश्नर ने मछली पालन विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि अभियांत्रिकी विभाग, दुग्ध संघ तथा विपणन संघ के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त दिव्या त्रिपाठी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, उप संचालक मछली पालन डॉ अंजना सिंह, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, कृषि वैज्ञानिक डॉ एसके पाण्डेय, उप संचालक मण्डी, जिला विपणन अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। संभाग के अन्य जिलों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## राज्यपाल दो दिवसीय प्रवास पर आज चित्रकूट आयेंगे

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 15 अक्टूबर को सतना जिले के चित्रकूट आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार महामहिम राज्यपाल सायं 04.05 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा डीआरआई चित्रकूट के हेलीपैड पहुंचेंगे। राज्यपाल सायं 5.30 बजे डीआरआई गेस्ट हाउस पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार महामहिम राज्यपाल चित्रकूट प्रवास के दूसरे दिन 16 अक्टूबर को प्रातः 8.40 बजे राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर श्रृद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके पश्चात कार द्वारा कृष्णा देवी वनवासी बालिका आवासीय विद्यालय मझगवां पहुंचंगे और प्रातः 9.20 स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा करेंगे। महामहिम राज्यपाल प्रातः 10.20 बजे चित्रकूट के लिए रवाना होंगे और प्रातः 11 बजे महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्व विद्यालय चित्रकूट में दीक्षांत समरोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। महामहिम राज्यपाल अपरान्ह 2 बजे डीआरआई हेलीपैड चित्रकूट से हेलीकॉप्टर द्वारा खजुराहो के लिये प्रस्थान करेंगे।

## प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय आज आयेंगे

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय 15 अक्टूबर को प्रातः 6.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय प्रातः 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके पश्चात स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात सायं 4 बजे सडक मार्ग से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## एपीसी की पूर्व तैयारी बैठक संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** खरीफ2024 की समीक्षा एवं रबी 2024-24 की तैयारी के संबंध में 24 अक्टूबर को कृषि उत्पादन आयुक्त मध्यप्रदेश मो. सुलेमान रीवा संभाग की समीक्षा बैठक वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से लेंगे। एपीसी बैठक की पूर्व तैयारी के संबंध में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कृषि और संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर बताया गया कि सतना जिले में इस वर्ष 800 वर्ग मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। खरीफफसलों में अनाज के लिए 1 लाख 86 हजार हेक्टेयर, दलहन 34 हजार हेक्टेयर और तिलहन में 13 हजार हेक्टेयर की अनुमानित पूर्ति की गई हैं। इस प्रकार खरीफवर्ष 2024 में जिले में 2 लाख 34 हेक्टेयर में क्षेत्राच्छादन रहा है। रबी फसलों के प्रस्तावित क्षेत्र में कुल 2 लाख 60 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में क्षेत्राच्छादन का लक्ष्य तय किया गया है। इनमें अनाज 2 लाख 18 हजार हेक्टेयर, दलहन 29 हजार हेक्टेयर और तिलहन 12 हजार हेक्टेयर का रकवा शामिल है। बैठक में कृषि से जुडे अन्य विभागों पशु चिकित्सा, उद्यानिकी, मत्स्य, सहकारिता आदि विभागों की समीक्षा भी की गई। इस मौके पर उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. प्रमोद शर्मा, उद्यानिकी अनिल सिंह, एलडीएम गौतम शर्मा भी उपस्थित थे।

## राज्यपाल के कार्यक्रमों में व्यवस्था संबंधी अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के 15 एवं 16 अक्टूबर को चित्रकूट जिला सतना में प्रवास के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुराग वर्मा द्वारा विभिन्न जिला अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं।

जारी आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं कारकेड व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी होंगे। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम को व्हीआईपी विमान चालक दल के रूकने एवं खान-पान एवं व्हीआईपी हेलीकॉप्टर में रखी जाने वाली भोजन सामग्री की सम्पूर्ण व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी को स्वास्थ्य संबंधित समस्त व्यवस्था का दायित्व सौपा गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह को महामहिम राज्यपाल के एडीसी के लिए लाइजिनिंग अधिकारी होंगे।

## विद्युत सप्लाई आज प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा बताया गया कि 220 केव्ही उपकेन्द्र एमपीपीटीसीएल सतना (सितपुरा) में 33 केव्ही पन्ना फीडर के जुंर हॉट पाइंट एवं उपकेन्द्र में अन्य मेंटीनेंस कार्य किये जाने है। जिसमें 33 केव्ही सितपुरा, 33 केव्ही उचेहरा, 33 केव्ही पन्ना, 33 केव्ही पीआईजीसीएल, 33 केव्ही जैतवारा को ऊर्जित करने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र सितपुरा, बरेठिया, सोहावल, बरा, रामपुर 84, एवं




भर्जुना से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडरों की सप्लाई 15 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी।

## राज्यपाल के कार्यक्रम हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के 15 एवं 16 अक्टूबर को चित्रकूट जिला सतना में प्रवास के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुराग वर्मा द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी मझगवां जितेन्द्र वर्मा को हैलीपेड, नायब तहसीलदार चित्रकूट हिमांशु शुक्ला को गेस्ट हाउस, तहसीलदार बिरसिंहपुर परमसुख बंसल को सियाराम कुटीर राष्ट्र.ऋषि नानाजी देशमुख आवास चित्रकूट, प्रभारी तहसीलदार मझगवां सौरभ द्विवेदी एव नायब तहसीलदार बरौधा सुदामा प्रसाद कोरी को कृष्णा देवी वनवासी बालिका आवासीय विद्यालय मझगवां, अनुविभागीय अधिकारी नागौद एपी द्विवेदी एव नायब तहसीलदार जैतवारा परमानंद तिवारी को महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट दीक्षांत समारोह, नायब तहसीलदार चित्रकूट हिमांशु शुक्ला को डीआरआई गेस्ट हाउस चित्रकूट एवं अनुविभागीय अधिकारी मझगवां जितेन्द्र वर्मा को प्रस्थान स्थल डीआरआई हेलीपैड चित्रकूट में सम्पूर्ण कार्यक्रम स्थल हेतु तैनात किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने सभी अधिकारियों को 15 एवं 16 अक्टूबर को कार्यक्रम समाप्ति तक सौंपे गये कर्तव्य स्थलों पर उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिये हैं। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखडे मो 9407020000 होंगे।

# बेहतर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपलब्धि हासिल करें- गणेश सिंह



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** 68वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (बास्केट बाल-19 वर्ष बालक/बालिका) का भव्य शुभारंभ सोमवार को सांसद गणेश सिंह के मुख्यातिथ्य में विट्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही सतना में किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 संभागों के 19 वर्ष आयुवर्ग के 240 बालक-बालिकायें हिस्सा ले रहें हैं।

राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर सांसद गणेश सिंह ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किये जाने पर प्रतिभागी बालक-बालिकाओं को बधाई और शुभकामनायें देते हुए कहा कि बेहतर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर खेलों में विशेष उपलब्धि हासिल करें। उन्होंने कहा कि खेल ही ऐसा क्षेत्र है। जहां अपनी प्रतिभा के दम पर बेहतर से बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है। खेल के माध्यम से अल्प समय में ख्याति भी प्राप्त होती है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि सतना जिले में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों के आधार पर खेल मैदानों और स्टेडियम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया खेलो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जिसके माध्यम से देश के नवोदित खिलाडियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के दौरान बौद्धिक विकास के साथ ही छात्रों को शारीरिक और सर्वांगीण विकास के लिये खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना जरुरी होता है। उन्होने कहा कि सतना जिले को हर वर्ष राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित करने के लिये मेजबानी का अवसर मिलता है। यह हम सब के लिये गौरव की बात है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार ने खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे बालक-बालिकाओं से कहा कि खेल की भावना के साथ बेहतर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर अच्छी उपलब्धियां हासिल करें। इसके पहले छात्र-छात्राओं के आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सांसद गणेश सिंह ने 68वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ की विधिवत घोषणा की और खेल मशाल प्रज्जवलित कर खिलाड़ियों को सौंपी। उन्होने खेल प्रतियोगिता का ध्वज आरोहण कर खिलाड़ियों को शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित ने खेल प्रतियोगिता के प्रतिवेदन और रुपरेखा की जानकारी दी।

शुभारंभ अवसर पर 10 संभागों के खेल प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता जयनारायण पांडेय ने किया। इस मौके पर विट्स ग्रुप के डायरेक्टर सुनील सेनानी, राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक प्रभात चतुर्वेदी, आईपी तिवारी, एडीपीसी आलोक सिंह, गिरीश अग्निहोत्री, सेवा निवृत्त प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव, बीईओ कुमकुम भट्टाचार्य, सहायक संचालक किरण अवस्थी, जिला क्रीड़ा अधिकारी मीना त्रिपाठी, रविशंकर, धीरेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।